



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



10 भारतीय ब्रांड को दुनिया में स्थापित करने के लिए गुणवत्ता जरूरी:पीयूष गोयल

उद्धव ठाकरे से अजित पवार- महाराष्ट्र चुनाव कई दिग्गजों के लिए अस्तित्व की लड़ाई 12

वर्ष : 12 | अंक : 183 | पटना, गुरूवार, 17 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# सीवान व सारण में पांच लोगों की संदिग्ध मौत, मचा कोहराम

**परिजनों का दावा जहरीली शराब पीने से हुई मौत**

प्रात: किरण

पटना/एजेंसी। बिहार के सीवान और सारण जिलों में पांच लोगों की संदिग्ध मौत हो गई और कई अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। सीवान के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि मंगलवार शाम कौड़िया वैसी टोला गांव में उल्टी, सिरदर्द और पेट दर्द जैसे लक्षणों के साथ लोगों को इलाज के लिए भगवानपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।गुप्ता ने कहा, जब उनकी हालत पहले से और ज्यादा बिगड़ गई तो उन्हें सीवान के सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से कुछ को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया। गुप्ता ने बताया, इलाज के दौरान चार लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य लोगों का इलाज सदर अस्पताल सीवान और पीएमसीएच पटना में चल रहा है। मृतकों की पहचान कौड़िया वैसी टोला के अरविंद सिंह 40 और रामेंद्र सिंह 30, माधव पोखरा गांव के संतोष साहनी 35 और मुन्ना 32 के रूप में हुई है।





वहीं, इस घटना को लेकर ग्रामीणों का दावा है कि मृतकों की संख्या जिला प्रशासन द्वारा पुष्टि की गई संख्या से अधिक है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पीड़ितों ने मंगलवार शाम को जहरीली शराब पी थी और रात 9 बजे के आसपास लक्षण दिखने लगे। जहां एक तरफ पीड़ितों के परिवार यह दावा कर रहे हैं कि यह सारी मौत जहरीली शराब पीने से हुई है। वहीं, जिला मजिस्ट्रेट गुप्ता ने जोर देकर कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। अधिकारी घटना के कारणों की पुष्टि करने के लिए फिलहाल स्थिति की जांच कर रहे हैं। सीवान में भयावह स्थिति को देखते हुए, जिला मजिस्ट्रेट ने प्रभावित गांवों में एंबुलेंस तैनात की है, ताकि जहरीली शराब पीने के बाद बीमारी के लक्षण दिखने वाले किसी भी व्यक्ति को जल्दी ही उपचार के लिए ले जाया जा सके। इस एहतियाती उपाय का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिले। सारण जिले के इब्राहिमपुर गांव में मंगलवार शाम जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। मृतक की पहचान लतीफ मियां के बेटे इस्लामुद्दीन के रूप में हुई है, जबकि दो अन्य शमशाद अंसारी और मुमताज अंसारी की हालत गंभीर है। इन दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा में भर्ती कराया गया है। छपरा (मुख्यालय) के एएसपी राकेश कुमार ने कहा, हमें मंगलवार को शराब पीने वाले तीन लोगों के बारे में जानकारी मिली है। उन्हें सदर अस्पताल छपरा में भर्ती कराया गया और उनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हम घटना की जांच कर रहे हैं। सीवान और सारण में हुई दोनों घटनाओं की फिलहाल जांच चल रही है। अधिकारी मौतों के सही कारणों का पता लगाने में जुटे हैं। मेडिकल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि घटना के लिए सीधे तौर पर जहरीली शराब जिम्मेदार है या नहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रसव के दौरान मां और उसके नवजात बच्चे की मौत

पटना। पटना के दीघा थाना अंतर्गत एक निजी नर्सिंग होम में लापरवाही का मामला सामने आया है। जहां प्रसव के दौरान एक मां और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। रिश्तेदारों का दावा है कि ऑपरेशन डॉक्टर के एक सहकर्मी ने किया था। वहीं, घटना के बाद अस्पताल प्रबंधक ने मृत नवजात को एक कार्टन में फेंक दिया। मृतका की पहचान राजमणि देवी के तौर पर हुई है।बताया जा रहा है कि डीडी मंडल अस्पताल में लापरवाही का यह पहला मामला सामने नहीं आया है। यहां इससे पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, इस घटना के बाद से रिश्तेदारों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया है। रिश्तेदारों के हंगामे के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराने का लगातार प्रयास करती रही। इस दौरान पुलिस ने अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर का दौरा भी किया, जहां ऑपरेशन किया गया था। मृतका के परिजन ने कहा कि हम लोग गर्भवती महिला को अस्पताल में एडमिट कराने पहुंचे थे। यहां अस्पताल द्वारा भर्ती कराने के बाद बाहर से दवाई लाने के लिए कहा गया। दवा जब लेकर आए तो अस्पताल के कंपाउंडर ने कहा, अल्ट्रासाउंड करवाना होगा। हम लोग अल्ट्रासाउंड कराने के लिए तैयार हुए। हमें दूसरे अस्पताल में भेजा गया।

**केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशन धारकों को सरकार की ओर से दीपावली का तोहफा**

# केन्द्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला

# डीए में 3 प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान



प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशन धारकों को सरकार की ओर से दीपावली का तोहफा मिलने जा रहा है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को हुई अपनी बैठक के दौरान महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को अपनी मंजूरी दे दी है।इस बढ़ोतरी के बाद डीए मूल वेतन का 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया है।

केंद्र सरकार के इस फैसले का लाखों सरकारी कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। महंगाई भत्ते की गणना अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर की जाती है। डीए को लेकर हर 6 महीने में संशोधन होता है। महंगाई राहत सेवानिवृत्त केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दी जाती है। डीए में बढ़ोतरी के बाद जनवरी और जुलाई में एडजस्टमेंट प्रभावी होता है। डीए को लेकर मार्च और सितंबर में घोषणा की जाती है। जनवरी में डीए में बढ़ोतरी की घोषणा मार्च तक जाती है।इसी तरह जुलाई में डीए में बढ़ोतरी की घोषणा दीपावली तक जाती है। तीन प्रतिशत डीए बढ़ोतरी के बाद एंट्री लेवल सरकारी कर्मचारी के मूल वेतन में मासिक आधार पर 540 रुपये की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

सरकार के इस फैसले से करीब एक करोड़ केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशन धारकों को राहत मिलेगी।

## छह फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि का फैसला

### रबी सीजन के लिए एमएसपी घोषित

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए गेंहू, चना और जौ समेत छह रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने वर्ष 2025-26 के लिए अनिवार्य रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। बैठक के बाद अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के वास्ते वर्ष 2025-26 में रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि रेपसीड और सरसों के लिए 300 रुपये प्रति क्विंटल और मसूर के लिए 275 रुपये प्रति क्विंटल की घोषणा की गई है। चना के लिए 210 रुपये प्रति क्विंटल, गेहूं के लिए 150 रुपये प्रति क्विंटल, कुसुम के लिए 140 रुपये प्रति क्विंटल और जौ के लिए 130 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि नये एमएसपी के अनुसार गेंहू का मूल्य 2275 रुपए से बढाकर 2425 रुपये, जौ का मूल्य 1850 रुपए से बढाकर 1980 रुपए, चना का मूल्य 5440 रुपए से बढाकर 5650 रुपए, मसूर का मूल्य 6425 रुपए से बढाकर 6700 रुपए, रेपसीड एवं सरसों का मूल्य 5650 रुपए से बढाकर 5950 रुपए और कुसुम का मूल्य 5800 रुपए से बढाकर 5940 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया गया है।

**केंद्र ने उत्तर प्रदेश में 2,642 करोड़ की रेल परियोजना को दी मंजूरी :** नई दिल्ली,। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में 2,642 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ वाराणसी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजना के निर्माण को मंजूरी दे दी गयी। इस परियोजना में गंगा नदी पर एक नया रेल-सह-सड़क पुल भी शामिल है।

# जनता की भलाई के लिए करते रहेंगे काम : नीतीश

**मुख्यमंत्री ने कटिहार में कई योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास**

**बोलें-भूमिहीन परिवारों को दिया जा रहा आवासीय भूमि का बंदोबस्ती पर्चा**

प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कटिहार जिला अंतर्गत बरारी प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत स्थित भगवती मंदिर इंटर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 405.53 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों के 183 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इनमें 107.87 करोड़ रुपये की लागत से 52 योजनाओं का उद्घाटन एवं 297.66 करोड़ रुपये की लागत से 131 योजनाओं का शिलान्यास कार्य शामिल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। आप सभी इतनी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। कार्यक्रम के माध्यम से कटिहार जिले के 5 हजार से भी ज्यादा कटाव पीड़ित विस्थापित एवं भूमिहीन गरीब परिवारों को आवासीय भूमि का बंदोबस्ती का पर्चा दिया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभ का वितरण लाभुकों के बीच किया जा रहा है। विभिन्न बैंकों द्वारा 150 करोड़ रुपये की राशि का वितरण स्वयं सहायता समूहों के बीच आज किया गया है। सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 900 परिवारों को अपना रोजगार शुरू करने के लिए करीब 4 करोड़ रुपये की राशि आज दी जा रही है। यह देखकर मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है। और जनता की भलाई के लिए काम करते रहेंगे। आप सभी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पुनः मैं आपका अभिनंदन करता हूं और आप सबके प्रति आभार प्रकट करता हूं।

कार्यक्रम को जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सह बिहार जिला के प्रभारी मंत्री नीरज कुमार बबलू, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, विधायक तारकिशोर प्रसाद एवं विधायक विजय सिंह ने भी संबोधित किया।



## 353 भूमिहीन परिवारों को आवासीय भूमि का बंदोबस्ती पर्चा मिला

मुख्यमंत्री ने गंगा/कोसी नदी के कटाव से विस्थापित एवं गरीब भूमिहीन परिवारों को दिए जानेवाले आवासीय भूमि का बंदोबस्ती पर्चा की सूची का डिजिटल माध्यम से एवं भौतिक रूप से पुस्तिका का विमोचन किया। कटिहार जिला के बरारी अंचल अंतर्गत 5279 तथा कुसेर्ला अंचल के 353 विस्थापित एवं भूमिहीन गरीब परिवारों को आवासीय भूमि का बंदोबस्ती पर्चा का लाभ दिया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से गंगा/कोसी के कटाव से विस्थापित एवं भूमिहीन गरीब परिवारों के 10 लाभुकों को आवासीय भूमि का बंदोबस्ती पर्चा प्रदान किया। राज्य संपोषित मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना के तहत आवास निर्माण हेतु वित्तीय सहायता, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, कृषि यांत्रिकरण योजना, जैविक कॉरिडोर योजना, मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, कुशल युवा, कार्यक्रम के लाभुकों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किया। जीविका द्वारा संपोषित 996 स्वयं सहायता समूहों को 10.60 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, विभिन्न बैंकों द्वारा 17,702 स्वयं सहायता समूहों को 143.92 करोड़ रुपये की राशि का सांकेतिक चेक एवं सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 889 परिवारों को स्वरोजगार हेतु 3.87 करोड़ रुपये की राशि का सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को प्रदान किया। इसके पूर्व बी०एम० इंटर कॉलेज प्रांगण में जीविका, उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम संसाधन विभाग, जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र, कृषि विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदर्शित स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनेश कुमार मीना, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने मुख्यमंत्री को पौधा, पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र तथा मखाना का माला पहनाकर अभिनंदन किया।

# बृज बिहारी हत्याकांड: आत्मसमर्पण के लिए समय देने के अनुरोध वाली याचिका खारिज



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने 1998 में हुई बिहार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के नेता बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला की वह याचिका खारिज कर दी जिसमें उन्होंने आत्मसमर्पण के लिए समय दिए जाने का अनुरोध किया था। शुक्ला की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ को बताया कि पत्नी की स्वास्थ्य समस्याओं और कामकाज के प्रबंधन के लिए उन्हें 30 दिनों का समय चाहिए। शुक्ला की याचिका खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि उसके तीन अक्टूबर के आदेश में उन्हें 15 दिन का पर्याप्त समय दिया गया है, इसलिए उन्हें और अधिक छूट नहीं दी जा सकती। शीर्ष अदालत ने हत्या मामले में तीन अक्टूबर को पूर्व विधायक शुक्ला एवं आरोपी मंटू तिवारी को दोषी करार दिया था। शीर्ष अदालत ने मामले में सभी आरोपियों को बरी करने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश को आंशिक रूप से रद्द कर दिया था और शुक्ला तथा तिवारी को दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने को कहा था।

**कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं :शुक्ला**

बिहार सरकार के मंत्री रहे बृज बिहारी हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट से आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी बुधवार को पटना के सिविल कोर्ट स्थित सीबीआई के स्पेशल अदालत में आत्मसमर्पण करने पहुंचे। मुजफ्फरपुर से पटना जाने के दौरान रास्ते में जगह-जगह समर्थकों ने मुन्ना शुक्ला का स्वागत किया। अपने समर्थकों को देखकर मुन्ना शुक्ला भावुक हो गए। शुक्ला ने कहा कि हम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं। जिसको लेकर आत्मसमर्पण करने पहुंचे हैं, लेकिन रामदेवी के बयान को आप लोग देखिए, हम तो बस राजनीति का शिकार हुए हैं। न्यायिक प्रक्रिया क्या होती है वह आगे देखेंगे।

## हरियाणा : सैनी आज लेंगे सीएम पद की शपथ

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी दोबारा राज्य की कमान संभालेंगे भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से नेता चुना गया। अनिल विज और कृष्ण बेदी ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी विधायकों ने ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में गृहमंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। अनिल विज द्वारा सैनी के नाम का प्रस्ताव रखना खास है, क्योंकि विज खुद भी मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि भाजपा की जीत पर अगली बार मुख्यमंत्री के रूप में जनता से मिलेंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने नायब सिंह सैनी के विधायक दल का नेता बनने की घोषणा की।

# केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री बने उमर



श्रीनगर/एजेंसी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अब्दुल्ला और उनके मंत्रियों को शपथ दिलाई। मेंढर से नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक जावेद अहमद राणा, रफियाबाद से जावेद अहमद डार, डीएच पोरा से सकीना इट्टू और नौशेरा से सुरिंदर कुमार चौधरी को भी एलजी सिन्हा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। सुरिंदर चौधरी डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। सुरिंदर चौधरी ने नौशेरा से भाजपा के रविंदर रैना को हराया है। जम्मू कश्मीर विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक सतीश शर्मा को उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में जगह दी गई। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। वहीं, नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती सहित अन्य नेता यहां मौजूद रहे।

**रविंदर रैना ने दी बधाई**

जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा, उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है और मैं उनके साथ शपथ लेने वाले मंत्रिमंडल को बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे जम्मू-कश्मीर की बेहतरी और जम्मू-कश्मीर की शांति और समृद्धि के लिए काम करेंगे।

**शुभारंभ** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा की मौजूदगी में मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने

# पीएम मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य पार्टी के अभियान का भी किया शुभारंभ



प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भाजपा के देशभर में चलाए जाने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने। इसी के साथ उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बनने की तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, ह्लविकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति प्रदान करते हुए। भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी की उपस्थिति में आज प्रथम सक्रिय सदस्य बनने और सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ करने पर गर्व है। यह एक आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर हमारी पार्टी को और मजबूत करेगा और राष्ट्रीय प्रगति के लिए हमारी पार्टी के कार्यकताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। सक्रिय सदस्यता से जुड़े तथ्यों की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आगे बताया, ह्लएक सक्रिय सदस्य बनने के लिए, एक कार्यकर्ता को एक बूथ पर या एक विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होगा। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही आने वाले समय में उन्हें पार्टी के लिए काम करने के कई मौके मिलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने 2 सितंबर को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया था। पार्टी ने इस राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को संगठन पर्व सदस्यता अभियान : 2024 का नाम दिया है। 2 सितंबर से शुरू हुए राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तय कार्यक्रम के अनुसार, इसका पहला चरण 25 सितंबर को और दूसरा चरण 15 अक्टूबर को समाप्त हो चुका है। पार्टी ने मंगलवार को ही 9 करोड़ सदस्यों का आंकड़ा पार कर लिया है। राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तीसरे चरण के तहत, बुधवार से भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू हो गया है, जिसका शुभारंभ पीएम मोदी ने पहला सक्रिय सदस्य बनने के साथ ही कर दिया।

# जयशंकर ने पाकिस्तान को दी आत्मनिरीक्षण की सीख

**विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की अध्यक्षता में आयोजित एससीओ के शिखर सम्मेलन को किया संबोधित**

प्रात: किरण



इस्लामाबाद/नई दिल्ली। भारत ने शंघाई सहयोग संगठन को उसके घोषणापत्र में आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौतियों का दृढ़ता से मुकाबला करने की उसकी प्रतिबद्धता बुधवार को याद दिलायी और कहा कि विश्वास, मित्रता, सहयोग और अच्छे पड़ोसी की भावना में कमी हो तो आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। डॉ. जयशंकर ने बुधवार को पाकिस्तान की अध्यक्षता में आयोजित एससीओ के शिखर सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिनिधि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण में जलवायु परिवर्तन, आपूर्ति श्रृंखलाओं में अनिश्चितता और वित्तीय अस्थिरता के कारण वैश्विक विकास पर पड़ रहे दुष्प्रभावों पर चिंता जताई और बढ़ती बहु-ध्रुवीयता, वैश्वीकरण और पुनसंर्तुलन में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को प्राथमिकता देने पर बल दिया। विदेश मंत्री ने सबसे पहले, इस वर्ष एससीओ शासनाध्यक्षों की परिषद की अध्यक्षता के लिए पाकिस्तान को बधाई दी और कहा, हम विश्व मामलों में एक कठिन समय में मिल रहे हैं। दो बड़े संघर्ष चल रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक के अपने वैश्विक प्रभाव हैं। कोविड महामारी ने विकासशील दुनिया के कई लोगों को बुरी तरह तबाह कर दिया है। विभिन्न प्रकार के व्यवधान - चरम जलवायु घटनाओं से लेकर आपूर्ति श्रृंखला अनिश्चितताओं और वित्तीय अस्थिरता तक - वृद्धि और विकास को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ऋण एक गंभीर चिंता का विषय है, भले ही दुनिया सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने में पीछे रह गई हो। प्रौद्योगिकी बड़ी संभावनाएं रखती है, साथ ही नई चिंताओं को भी जन्म देती है। एससीओ के सदस्यों को इन चुनौतियों पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए, इसका उत्तर हमारे संगठन के चार्टर में निहित हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा, मैं आपसे अनुच्छेद 01 पर विचार करने का आग्रह करता हूं जो एससीओ के लक्ष्यों और कार्यों को बताता है। आइए हम इसे हमारे सामूहिक विचार के लिए संक्षेप में प्रस्तुत करें। इसका उद्देश्य आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी को मजबूत करना है। इसका उद्देश्य बहुआयामी सहयोग, विशेषकर क्षेत्रीय प्रकृति का सहयोग विकसित करना है। इसे संतुलित विकास, एकीकरण और संघर्ष की रोकथाम के मामले में एक सकारात्मक शक्ति बनना है। उन्होंने कहा, चार्टर समान रूप से स्पष्ट था कि प्रमुख चुनौतियां क्या थीं। और ये मुख्य रूप से तीन थे, जिनका मुकाबला करने के लिए एससीओ प्रतिबद्ध था: एक, आतंकवाद; दो, अलगाववाद; और तीन, उग्रवाद। यदि हम चार्टर की शुरूआत से लेकर आज की स्थिति तक तेजी से आगे बढ़ते हैं, तो ये लक्ष्य और ये कार्य और भी महत्वपूर्ण हैं। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम ईमानदारी से बातचीत करें। यदि विश्वास की कमी है या सहयोग अपर्याप्त है, यदि मित्रता कम हो गई है और अच्छे पड़ोसी की भावना कहीं गायब है, तो निश्चित रूप से आत्मनिरीक्षण करने के कारण हैं और समाधान करने के कारण हैं।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## क्या उत्तर प्रदेश को बांग्लादेश बनाने की कोशिशें हो रही हैं?

उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा उत्सव के बाद मूर्ति विसर्जन के दौरान दंगा -तनातनी -आगजनी हुई। इससे कुछ दिन पहले भी यूपी के कई और शहरों में मूर्ति विसर्जन के दौरान विवाद के मामले सामने आए हैं। यह सभी वारदात एक ही पैटर्न पर है जिनमें बहराइच, कुशीनगर, गोंडा, कौशांबी समेत कई जिलों में बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय की आस्था से जुड़ी दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन के दौरान गड़बड़ी फैलाने और उत्पात मचाने का कुत्सित प्रयास किया गया है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि यूपी में भी कुछ ऐसी जहरीली ताकतें मौजूद हैं जो यूपी को बांग्लादेश बनाने पर आमादा हैं। इनकी ताजा हरकतों से प्रतीत होता है कि असामाजिक ताकते उत्तर प्रदेश में अशांति फैलाने की कोशिशें कर रही हैं। यूपी के बहराइच जिले के महाराजगंज इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान पत्थरबाजी, फायरिंग और आगजनी हुई। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया और पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। यूपी के कुशीनगर जिले में मां दुर्गा की प्रतिमा ले जाते समय पथराव की खबर सामने आई जिसमें कई लोग घायल हुए और मां दुर्गा की प्रतिमा भी छतिग्रस्त कर दी गयी। मामला कुशीनगर के पडरौना नगर पालिका अंतर्गत छावनी नगर का है जहां पर मौके पर पहुंची कई थानों की फोर्स ने मामले को काबू में किया। पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया और उनके खिलाफ केस दर्ज किया। श्रद्धालु पडरौना से प्रतिमा लेकर अपने गांव गनेशी पट्टी और भिसवा लाला जा रहे थे। इसी समय छावनी में कुछ लोगों ने छत और घरों से प्रतिमा और श्रद्धालुओं पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। लोग घायल हुए और प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हुई। जिसके बाद दो पक्षों के बीच मारपीट होने लगी, हालांकि बाद में पुलिस ने मामले को संभाल लिया। यूपी के कौशाम्बी जिले में 12 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के दौरान गुलाल उड़ाने को लेकर दो समुदाय आपस में भिड़ गए। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव में घटना में हुई झड़प देखते ही देखते विवाद में तब्दील हो गई। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हुई। सूचना के बाद डीएम और एसपी कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले को काबू में किया। दरअसल, मूर्ति विसर्जन करने के लिए दुर्गा प्रतिमा लेकर निकले लोग गांव में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों पर इमामबाड़ा पर गुलाल उड़ाने का आरोप लगा। इसका विरोध करते हुए दूसरे समुदाय के लोगों ने हंगामा किया फिर दोनों पक्षों में हिंसक झड़प शुरू हो गई। कई लोग घायल हुए और फिर तोड़फोड़ और पत्थरबाजी भी हुई। मौके पर भारी पुलिस फोर्स भी तैनात करनी पड़ी। इससे पहले दशहरे पर देर शाम गोंडा शहर के एक इलाके में हालात तनावपूर्ण हो गए। नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला बड़गांव में नूरामल मंदिर से आगे तकिया मस्जिद और घोसियाना मोहल्ले करीब पत्थरबाजी शुरू हो गई जिससे हालात खराब हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल और पीएसी के जवानों तैनात किए गए। दरअसल, प्रतिमा विसर्जन के दौरान मस्जिद के आसपास वाले दो और तीन मंजिला घरों से पत्थरबाजी करने का श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया और इसका विरोध किया इसके लिए प्रदर्शन और हो हल्ला शुरू कर दिया। कंट्रोल रूम से संदेश मिलते ही एसपी विनीत जायसवाल मौके पर खुद पहुंच गये और हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की। वैसे यति नरसिंहानंद द्वारा पैगंबर हजरत मुहम्मद पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तक थमा नहीं है। इसके विरोध में महापंचायत का आयोजन किया गया जाना था पर प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। महापंचायत को लेकर जुटे लोगों को पुलिस ने खदेड़ दिया। इस मामले को लेकर गाजियाबाद में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो गया। डासना देवी मंदिर के पास से पुलिस ने 150 से ज्यादा लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। वेव सिटी थाने में डासना चौकी इंचार्ज की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। गाजियाबाद के डासना मंदिर के पुजारी यति नरसिंहानंद के बयान का विवाद सहानपुर जा पहुंचा जहां पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा विरोध ज्ञापन देने के दौरान पुलिस पर पथराव का आरोप लगा और इस मामले में बड़ी कार्रवाई भी की गई। सहारनपुर के शेखपुरा कदीम गांव में हुई इस घटना को लेकर पुलिस द्वारा 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## नफरती हिंसा की वजह

जब भी हिंदू देवी-देवता की प्रतिमा की विसर्जन या शोभा-यात्रा निकलती है, तो वह नफरत, अराजकता, वैमनस्य और हिंसा में तबदील क्यों हो जाती है? कई बार हत्याएं भी कर दी जाती हैं। यह सिलसिला लगातार जारी है। मुसलमानों का कोई मजहबी जुलूस या मौका हो, तो हिंदू उस पर प्रहार नहीं करते। उसमें रोड़ा नहीं अटकाते। यहां तक कि हिंदुओं ने मस्जिद से की जाने वाली अजान पर भी सांप्रदायिक आपत्ति नहीं जताई है। शोभा-यात्रा निकालने की अपनी शोभा है। मुसलमानों को उस पर क्या आपत्ति होनी चाहिए? भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और धार्मिक आजादी का मौलिक अधिकार भी हमें दिया गया है। फिर हिंसा और हत्याओं की क्या वजूहात हो सकती हैं? हम कई बार यह सवाल उठा चुके हैं कि अचानक एक भीड़ कहां से उमड़ आती है? घरों और मस्जिद की छतों से पथराव कैसे होने लगता है? ये छोटे-बड़े पत्थर कहां से, किस तरह इकट्ठा किए जाते हैं? कुछ शहरों, कस्बों में अचानक तलवारें भी चमकने लगती हैं। तलवारें, डंडे और हथियार कहां से आते हैं? कौन उनकी सप्लाई करता है? क्या पत्थरबाजी, दंगे, खून-खराबे की कोई पूर्व नियोजित साजिश तैयार की जाती है? तो साजिशकार कौन हैं? सिर्फ उप्र के बहराइच में ही सांप्रदायिक हिंसा, आगजनी, तोड़-फोड़ नहीं हुई है। बहराइच को छावनी में तबदील करना पड़ा। करीब 30 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया और 10 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए गए। उप्र के कई इलाकों में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ता रहा है। फिलहाल बहराइच जैसे हालात तेलंगाना, कर्नाटक, झारखंड और पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के शहरों और कस्बों में भी पैदा किए गए हैं। सांप्रदायिक हिंसा, दंगे अपने आप ही नहीं भडकते, उन्हें सुलगाया और फैलाया जाता है। भारत में दंगों के काले इतिहास मौजूद हैं। दंगे औसतन सभी राज्यों में होते रहे हैं। उनके असंख्य उदाहरण भी मौजूद हैं। बेशक सरकार किसी भी दल की रही हो! संविधान के किस अनुच्छेद में यह उल्लेख है कि अमुक मुसलमानों का इलाका है, तो ये हिंदू, सिख, ईसाई आदि के इलाके हैं? ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। जिन मोहल्लों में मुस्लिम आबादी रहती है, प्रशासन उन्हें संवेदनशील घोषित करता है, जबकि गैर-मुस्लिम क्षेत्रों के संदर्भ में ऐसा नहीं है। मुसलमान संवेदनशीलता के आधार पर नाजुक इलाके क्यों हैं? दरअसल देश को इलाकों और मोहल्लों में बांटा नहीं जा सकता। इस बार भी मुसलमानों ने आपत्ति की कि शोभा-यात्रा उनकी मस्जिद के सामने से क्यों गुजरी? क्या यह कानूनन अपराध है या कोई प्रतिबंध लगा रखा है? किसी मुस्लिम की छत से हरा झंडा उतारा गया और उसकी जगह भगवा झंडा लहराया गया, यह अनैतिक हरकत है। इसका कोई औचित्य भी नहीं है। यह घोर सांप्रदायिक है। अवैध कब्जे की एक हरकत है। यदि ऐसी हरकत कर भी दी गई, तो गोली मार कर एक इनसानी हत्या करने की नौबत क्यों आई? जिस हिंदू नौजवान को मार दिया गया, उसकी शादी मात्र दो माह पहले ही हुई थी। किसी औरत को इस कदर विधवा कर देना क्या मजहबी प्रावधान है? जाहिर है कि अलग-अलग समुदायों के लोगों के भीतर नफरत और उन्माद भरे हैं। दूसरी तरफ, यदि शोभा-यात्रा के दौरान उग्रता, हुड़दंग, अभद्र शोर, भडकाऊ नारेबाजी की जाती है, तो वह धार्मिक यात्रा भी बेमानी है। बहराइच या अन्य राज्यों के शहरों में जो नफरती टकराव हुए, वे वाकई अपराध हैं, लेकिन क्या दंगों की भीड़ को कभी सजा दी गई है? कहा जा रहा है कि बीते चार महीने के दौरान ही देश का माहौल बदल गया और आदमी दूसरे को मरने-काटने पर आमादा है। इसका बुनियादी कारण क्या है? चार महीने में देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक ढांचे में ऐसा कौनसा बदलाव आया है कि इनसान हत्या पर उतारू है। भारत तो अपनी सहिष्णुता, सौहार्द, समभाव के लिए विश्व विख्यात रहा है। यदि ऐसे ही सांप्रदायिक टकराव जारी रहेंगे, तो देश की छवि, प्रतिष्ठा कलंकित होगी।

# भारतीय दर्शन शाश्वत, सत्य, सनातन और अपौरुषेय है

**सम्पूर्ण विश्व में राजा जनक जोकि श्रीराम की धर्मपत्नी सीता के पिता थे, अपने कुल में तीसवां जनक हुए जो दर्शन शास्त्र पर विश्व का पहला संवाद करवाया था। महर्षि यज्ञवलक्य जो की वैदिक ऋषियों में एक थे तथा वेद के कई मंत्रों के द्रष्टा थे, उन्होंने ब्रह्म दर्शन पर जनक तथा अन्य ऋषियों के साथ संवाद और शास्त्रार्थ किए थे। सार्वजनिक तौर पर यह विश्व की प्रथम महासभा थी। लेकिन, व्यक्तिगत रूप से गुरु शिष्य का दर्शन शास्त्र पर संवाद तथा पिता - पुत्र का दर्शन शास्त्र पर संवाद की एक परंपरागत श्रृंखला युगों से चली आ रही है। श्रीहरि से शिव और ब्रह्मा वेद प्राप्त किए तथा उसका ज्ञान व रहस्य उद्घाटित हुआ। तदोपरांत, ब्रह्मा ने इस सृष्टि की रचना की।**





**अवधेश झा**
**लेखक**

भारतीय दर्शन आत्मा की तरह नित्य, सत्य और सनातन है तथा समस्त दर्शन शास्त्र का मूल उद्देश्य विभिन्न माध्यमों से ब्रह्म के स्वरूप का दर्शन करना ही है। ब्रह्म स्वयं वेद को प्रकट किया है तथा ब्रह्म स्थिति को प्राप्त हमारे महान ऋषियों ने उसके स्वरूप का दर्शन किया है। यह परंपरा युगों से चली आ रही है। महर्षि वेद व्यास स्वयं वेदों का संकलन किए हैं। जबकि वेद के कई मंत्रों के द्रष्टा महर्षि वशिष्ठ ने श्रीराम को वेदों की शिक्षा प्रदान किए थे। श्रीकृष्ण गीता में अर्जुन से स्पष्ट कहा है कि, ह्लअर्जुन, जो आत्मा का ज्ञान मैं तुम्हें दे रहा हूं, वह ज्ञान तुमसे पहले मैंने सूर्य को दिया था।ह्व श्रीमद्भागवत गीता समस्त वेदांत दर्शन का सार है और सूर्य ही इस सृष्टि का प्रारब्ध और प्रारंभ है तथा उन्हें भी सृष्टि के आरंभ से पूर्व परब्रह्म श्रीकृष्ण ने वेदों की शिक्षा दी थी। इस तरह से वेद परमात्मा का वाणी है। जिसे ऋषियों ने आमजनों की सहजता के लिए वेद से उपनिषद, महापुराण, महाकाव्यों आदि में विस्तार किया है। जस्टिस राजेंद्र प्रसाद (पूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय पटना) ने स्पष्ट करते हुए कहा कि भारतीय दर्शन शास्त्र अपौरुषेय है, इसे किसी पुरुष ने नहीं लिखा या व्यक्त किया है। यह ब्रह्म द्वारा ही प्रकट किया गया है। इसलिए, इसे श्रुति कहा जाता है। हमारे जो दर्शन शास्त्री थे, वे मंत्र द्रष्टा थे, उन्होंने उस मंत्र के स्वरूप को देखकर जो उन्हें अनुभूति हुआ, उसे उन्होंने व्यक्त किया है। यहां तक कि ब्रह्म स्वयं विभिन्न अवतार लेकर वेद की मयार्दा के अनुरूप ही धर्म, कर्म और आचरण किए हैं तथा वैदिक संस्कृति को ही पुर्नस्थापित किए है।

भारतीय दर्शन शास्त्र देश और काल से परे है। यह कालातीत है तथा सम्पूर्ण ब्रह्मांड का महाविज्ञान का रहस्य भी है। जबकि, अन्य दर्शन शास्त्र पौरूषेय है। इसलिए, उसमें देश और काल का निर्धारण है जोकि एक काल खंड से दूसरे काल खंड तक ही है। वास्तव में, वेद एक महासागर की तरह है। जिसमें सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का रहस्य व्याप्त है। गुरु द्रोणाचार्य के पिता ऋषि भारद्वाज जोकि ऋषि वृहस्पति के पुत्र और महर्षि अंगिरा के पौत्र थे तथा ब्रह्मा के परपौत्र थे। ऋषि भारद्वाज ने एक बार ब्रह्मा जी से कहा कि, मुझे सम्पूर्ण वेदों को अध्ययन करने का अवसर दीजिएह्व। ब्रह्मा तथास्तु कहते हुए उन्हें प्रयाप्त अवसर दिया और इस तरह से भारद्वाज ऋषि तीन सौ वर्षों तक अध्ययन करते रहे। उसके उपरांत ब्रह्मा जी आए और पूछे, भारद्वाज कितना अध्ययन पूर्ण हुआ है? उत्तर में, ऋषि भारद्वाज ने कहा, परम पिता अभी केवल वेद के सागर से गागर इतना अध्ययन कर पाया हूं। जबकि कालांतर में ऋषि भारद्वाज ऋग्वेद के छठे मंडल के 765 मंत्रो के तथा अथर्ववेद के 23 मंत्रों के द्रष्टा थे और वैदिक ऋषियों में उनका ऊंचा स्थान था। उनके पितामह महर्षि अंगिरा ऋग्वेद के कई मंत्रों के द्रष्टा, ब्रह्मविद्या के ज्ञाता तथा अग्नि को उत्पन करने वाले और धर्म और राज्य व्यवस्था को सुचारू चलाने के लिए, इन्हें प्रजापति भी कहा जाता था। इससे स्पष्ट है कि वेद की सम्पूर्ण शिक्षा किसी काल खंड में ग्रहण करना संभव नहीं है। यह कालातीत है इसे ग्रहण करने के लिए भी आत्म (ब्रह्म) स्थिति आवश्यक है। इस तरह से भारतीय दर्शन का अनादि काल तथा कालातीत इतिहास है। यहां के दर्शन शास्त्र सार्वभौमिक, शाश्वत, सनातन और सर्वव्याप्त है। यह कोई व्यक्ति, देश और काल विशेष नहीं है। यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का प्रतिनिधि करता है। वेद उसका सत्य प्रमाण है तथा सम्पूर्ण दर्शन शास्त्र अपने सम्पूर्ण प्रमाण के साथ उपलब्ध है। जोकि और किसी भी दर्शन में उपलब्ध नहीं है। सम्पूर्ण विश्व में राजा जनक जोकि श्रीराम की धर्मपत्नी सीता के पिता थे, अपने कुल में तीसवां जनक हुए जो दर्शन शास्त्र पर विश्व का पहला संवाद करवाया था। महर्षि यज्ञवलक्य जो की वैदिक ऋषियों में एक थे तथा वेद के कई मंत्रों के द्रष्टा थे, उन्होंने ब्रह्म दर्शन पर जनक तथा अन्य ऋषियों के साथ संवाद और शास्त्रार्थ किए थे। सार्वजनिक तौर पर यह विश्व की प्रथम महासभा थी। लेकिन, व्यक्तिगत रूप से गुरु शिष्य का दर्शन शास्त्र पर संवाद तथा पिता - पुत्र का दर्शन शास्त्र पर संवाद की एक परंपरागत श्रृंखला युगों से चली आ रही है। श्रीहरि से शिव और ब्रह्मा वेद प्राप्त किए तथा उसका ज्ञान व रहस्य उद्घाटित हुआ। तदोपरांत, ब्रह्मा ने इस सृष्टि की रचना की। इस तरह से विष्णु सृष्टि के संचालक और शिव संहारक हुए। यह सृष्टि वेद के बीज से अंकुरित, स्फुटित, पल्लवित, पुष्पित और फलित है। प्रलय काल में भी वेद ब्रह्म में सुप्त रहता है। उत्पति काल में उसी ब्रह्म से प्रकट/उदित होकर, स्थिति और प्रलय तक संचालन करता है।

वेद ब्रह्म ज्ञान है तथा सृष्टि के आधार का प्रथम महाविज्ञान है। वेद में कर्मकांड, उपासना और ज्ञान है। जिसमें मंत्र या संहिता (जिसमें महान ऋषियों का रहस्योद्घाटन है), ब्राह्मण - धार्मिक अनुष्ठानों (यज्ञों) और समारोहों का उचित प्रदर्शन, आरण्यक (वन एवं जीव, वनस्पति आदि) और उपनिषद (दार्शनिक चिंतन - आत्मा (ब्रह्म) के बारे में विचार) आदि है। वेद में कर्म काण्ड और उपासना आत्मिक यात्रा और आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि की आरंभ दशार्ता है, वहीं वेदांत और भगवद गीता में आध्यात्मिक दृष्टि से ब्रह्म (आत्मा) का पूरा वैभव दशार्ता है। वेद जीवन के पारलौकिक लक्ष्य प्राप्त करने साधन तथा अवांछनीय से बचकर इच्छित लक्ष्य प्राप्त करने का दिव्य साधन है। वेद ही सर्वमान्य, वास्तविक प्रमाणित ग्रंथ हैं, जिसका कोई लेखक नहीं है तथा जो सनातन धर्म एवं ब्रह्म का प्रतिपादन करता है। वेद की यात्रा क्रम में परब्रह्म से सर्वप्रथम नाद आया, फिर ॐ (ओंकार) और फिर मंत्रोपनिषद। इस तरह से ब्रह्मा ने अक्षरों की रचना की और परब्रह्म से प्रेरित उनके मुख से वेद प्रकट हुआ। यह वेद उनके पुत्रों को पढ़ाया गया तथा इस तरह से यह परंपरा युगों - युगों से चली आ रही है। महर्षि व्यास जो परब्रह्म विष्णु के ही अवतार हैं वेदों को पुनर्व्यवस्थित किए। इस तरह से युगांत में जल प्रलय के बाद पुनः श्रीहरि ब्रह्म को वेद सुनाते हैं और ब्रह्मा अपने पुत्रों को और यही क्रम चलता रहता है। वेद में तीन गुना विभाजन ब्रह्म और आत्मा के सत्य को ही व्यक्त करता है। इसलिए, वेद अपौरुषेय है, क्योंकि जगत वेद के कारण से प्रभावित है, वेद में जगत सुप्त है तथा वेद की सम्पूर्ण जगत का सूत्रधार है। जगत से वेद नहीं है। वेद ही ब्रह्म और वेद से ही सम्पूर्ण जगत है।

# अभिधम्म का सम्मान: पाली साहित्य का एक शास्त्रीय रत्न

**जो पारंपरिक धारणाओं और अवधारणाओं के विकृतियों से मुक्त हो। सभी घटनाओं की अस्थायी, असंतोषजनक और निरात्मा स्वभाव को समझकर, व्यक्ति धीरे-धीरे आसक्तियों और लिप्तता को छोड़ सकता है, जिससे वह दुःख से मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। हाल ही में, पाली को मराठी, प्राकृत, असमिया और बांग्ला के साथ क्लासिकल भाषा का दर्जा दिया गया है। यह प्राचीन मध्य इंडो-आर्यन भाषा भारतीय उपमहाद्वीप की है, जो बुद्ध धर्म की समृद्ध दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं के द्वार खोलती है। यह बौद्ध ग्रंथों और दर्शन की नींव है। अभिधम्म पिटक, पाली कैनन (त्रिपिटक) का एक प्रमुख खंड है, जो मन, चेतना और वास्तविकता की प्रकृति की जटिलताओं का अन्वेषण करता है।**





**प्रोफेसर रविन्द्र पंथ**
**लेखिका**

एक वास्तविक अर्थ में, अभिधम्म में चार उल्लिखित श्रेणियाँ होती हैं: चेतना, मानसिक अवस्थाएँ, . भौतिक गुण, और ५. निब्बाना या अंतिम मुक्ति। - अभिधम्मत्थसंगहो, वयोवृद्ध अनुरुद्ध द्वारा। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से, 17 अक्टूबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली की मान्यता का आयोजन कर रहा है। अभिधम्म पिटक, पाली कैनन का तीसरा भाग, बुद्ध की नैतिक मनोविज्ञान और दर्शन में गहराई से उतरता है, जो मन, उसके मानसिक कारकों और वास्तविकता को समझने के लिए एक जटिल ढांचा प्रस्तुत करता है। थेरवाद परंपरा के अनुसार, ये शिक्षाएं तावतींसा आकाश में दी गई थीं, जहाँ बुद्ध ने वर्षा ऋतु के दौरान तीन महीने बिताए, देवताओं और अपनी माता को अभिधम्म का उपदेश दिया। भाषाशास्त्रीय दृष्टि से, अभिधम्म दो शब्दों अभि (की ओर) और धम्म (धारण करने के लिए) से मिलकर बना है, जिसे बुद्ध के उन्नत शिक्षाओं की ओर ले जाने के रूप में समझा जाता है। प्रसिद्ध पाली टिप्पणीकार वें. बुद्धघोष ने अभिधम्म को सबसे उन्नत या विशिष्ट सिद्धांत के रूप में वर्णित किया है, जो सुत्त पिटक की अधिक पारंपरिक शिक्षाओं से इसे अलग करता है। अभिधम्म चार प्रकार के परमार्थ धम्म (अंतिम वास्तविकताएँ) का कठोर विश्लेषण प्रस्तुत करता है: चित्त (चेतना), चेतसिका (मानसिक कारक), रूप (पदार्थ), और निब्बाना (अंतिम मुक्ति)। यह ढांचा साधकों को मानव अस्तित्व की जटिलताओं का अध्ययन करने की अनुमति देता है—मन और पदार्थ के अंतःक्रिया, दुःख की प्रकृति, और निब्बाना की प्राप्ति के लिए मार्ग, या दुःख के अवसान को समझने में। अभिधम्म पिटक सात ग्रंथों से मिलकर बना है, प्रत्येक बुद्ध की शिक्षाओं के विभिन्न पहलुओं का विस्तृत अध्ययन करता है। धम्मसंगणि पहला ग्रंथ है, जो अनुभव की दुनिया को बनाने वाली अंतिम वास्तविकताओं की गणना और परिभाषा करता है। विभंग इन वास्तविकताओं का और विश्लेषण करता है, जबकि धातुकथा और पुग्गलपञ्ञत्ति क्रमशः घटनाओं और व्यक्तियों के प्रकारों का वर्गीकरण प्रदान करते हैं। कथावत्थु विभिन्न दार्शनिक दृष्टिकोणों और विवादों को संबोधित करता है, जबकि यामक और पट्ठान उन जटिल शर्तीय संबंधों की गहराई में जाते हैं जो सभी घटनाओं के उत्पत्ति और निष्कर्ष को नियंत्रित करते हैं। पट्ठान को अभिधम्म का शिखर माना जाता है, यह एक विशाल ग्रंथ है जो मन और पदार्थ की पूरी दुनिया को नियंत्रित करने वाले चौबीस प्रकार के शर्तीय संबंधों का विस्तृत अध्ययन करता है। अभिधम्म में एक केंद्रीय अवधारणा शर्तीयता का सिद्धांत है, जो यह स्पष्ट करता है कि सभी घटनाएँ कैसे एक जटिल कारणों और परिस्थितियों के अंतःक्रिया के कारण उत्पन्न होती हैं और समाप्त होती हैं। हालांकि अभिधम्म अत्यधिक तकनीकी और सैद्धांतिक लग सकता है, इसका अंतिम उद्देश्य साधकों को वास्तविकता की सच्ची प्रकृति को समझने में सहायता करना है, जो पारंपरिक धारणाओं और अवधारणाओं के विकृतियों से मुक्त हो। सभी घटनाओं की अस्थायी, असंतोषजनक और निरात्मा स्वभाव को समझकर, व्यक्ति धीरे-धीरे आसक्तियों और लिप्तता को छोड़ सकता है, जिससे वह दुःख से मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। हाल ही में, पाली को मराठी, प्राकृत, असमिया और बांग्ला के साथ क्लासिकल भाषा का दर्जा दिया गया है। यह प्राचीन मध्य इंडो-आर्यन भाषा भारतीय उपमहाद्वीप की है, जो बुद्ध धर्म की समृद्ध दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं के द्वार खोलती है। यह बौद्ध ग्रंथों और दर्शन की नींव है। अभिधम्म पिटक, पाली कैनन (त्रिपिटक) का एक प्रमुख खंड है, जो मन, चेतना और वास्तविकता की प्रकृति की जटिलताओं का अन्वेषण करता है। यह ग्रंथ बुद्ध धर्म के मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक आधारों को समझने के लिए आवश्यक है। पाली का प्रभाव भारत से परे फैला हुआ है, खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया में, जहां श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार, लाओस और कंबोडिया जैसे देशों ने थेरवाद बौद्ध धर्म को अपनाया है। इन देशों में, पाली केवल एक धार्मिक भाषा नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संपत्ति भी है। अभिधम्म दिवस पाली की समृद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य में इसकी रणनीतिक महत्वता को याद दिलाने का एक अवसर है। जब क्ह्उ पाली भाषा का जश्न मनाता है, तो यह भारत के लिए आर्थिक और कूटनीतिक अवसर भी प्रस्तुत करता है। क्ह्उ को अपने एशियाई भागीदारों से मिले उत्साहजनक प्रतिक्रिया, जो भारत सरकार द्वारा पाली को क्लासिकल भाषा के रूप में मान्यता मिलने के बारे में उत्साहित हैं, इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि इस भाषा का भविष्य उज्ज्वल है। पाली को अपनाने और बढ़ावा देने के माध्यम से, भारत इस गहन भाषा के जन्मस्थान के रूप में अपनी भूमिका को फिर से हासिल कर सकता है, जबकि दक्षिण-पूर्व एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार भी कर सकता है। क्ह्उ का यह प्रयास न केवल बुद्ध की शिक्षाओं का सम्मान करता है, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि पाली में संचित ज्ञान फलता-फूलता रहे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहे। इसके अलावा, जैसे-जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देश अपने बौद्धिक जड़ों के साथ फिर से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं, भारत पाली अध्ययन में संसाधन, विशेषज्ञता और नेतृत्व प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह न केवल भारत की भाषा पर अधिपत्य को मजबूत करता है, बल्कि पड़ोसी देशों के साथ कूटनीतिक संबंधों को भी मजबूत करता है।

# अब प्रियंका की संसद से होगी कुड़माई

**राकेश अचल**

पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी की पौत्री और राजीव गाँधी की बेटी श्रीमती प्रियंका वाड्रा ने आखिर ना ना करते हुए भी चुनावी राजनीति में कदम रख ही दिया। अब अगले माह उनकी संसद से कुड़माई होगी। दो बच्चों की माँ और परिपक्व राजनेता बन चुकी प्रियंका वायनाड से लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बनाई गयीं हैं। कांग्रेसजनों के लिए ये खुशखबरी और सत्तारूढ़ दल के लिए ये एक और मुद्दा होगा भारतीय राजनीति में परिवारवाद पर हमला करने का। हम प्रियंका के संसदीय राजनीति में आने का स्वागत करते हैं। वर्तमान में वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी हैं। प्रियंका न राजनीति के लिए नई हैं और न देशवासियों के लिए। उनके पास राजनीति की एक लम्बी विरासत भी है और अनुभव भी। कांग्रेसी ही नहीं अपितु आम भारतीय प्रियंका में स्वर्गीय इंदिरा गांधी का अक्श देखता है। अक्श और वस्तविक्ता में फर्क होता है, लेकिन हम और आप अपने पूर्वजों के अक्श के अलावा और हैं भी क्या?प्रियंका को कांग्रेस ने वायनाड की एक ऐसी सीट से चुनाव मैदान में उतारा है जो शायद कांग्रेस के लिए बेहद सुरक्षित और आसान है, लेकिन बेहतर होता कि वे पांच महीने पहले हुए आम चुनाव के वक्त अमेठी की अपनी अघोषित रूप से पुश्तैनी संसदीय सीट से लड़तीं। प्रियंका के लिए सक्रिय और संसदीय राजनीति में प्रवेश करना पार्टी की जरूरत है या उनकी अपनी विवशता? इस विषय पर बहस हो सकती है, लेकिन इस बात में कोई विवाद नहीं हो सकता कि वे एक धीर-गंभीर राजनेता के रूप में देश और पार्टी के लिए नयी नहीं हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने में जानबूझकर देर की, ये सब जानते है। वे चाहतीं तो 20 साल पहले 2004 में ही संसदीय यात्रा शुरू कर सकतीं थीं, लेकिन उन्होंने आम भारतीय परिवारों की तरह अपने परिवार की सियासी विरासत सम्हालने के लिए अपने से उम्र में दो साल छोटे भाई राहुल को ही आगे किया। ये प्रियंका का भाई के प्रति स्नेह है या त्याग कहना कठिन है। क्योंकि दोनों के बीच जो रिश्ता है वो सभी आशंकाओं, कुशंकाओं से परे खून का रिश्ता है। कांग्रेस में प्रियंका को कमान देने की मांग समय -समय पर उठती रही हैं। राहुल गांधी से असहमत और नाउम्मीद कांग्रेसी ये मांग करते रहे हैं, किन्तु प्रियंका ने कभी इसमें कोई रूचि नहीं दिखा। वे पिछले दो दशक से अपने भाई को राजनीति में प्रतिष्ठित करने के लिए साये की तरह सक्रिय हैं आलोचनाओं की परवाह किये बिना। राहुल गांधी जब भी अकेले पड़े, लड़खड़ाए तो प्रियंका उन्हें सम्हालने में सबसे आगे रहीं। राहुल के ऊपर जितने सियासी हमले हुए, उन सबके जबाब में प्रियंका ने जबाबी हमले भी किये और ढाल भी बनकर खड़ी दिखाई दीं। उनके और राहुल के बीच एक ही फर्क है कि वे राजनीयति का शालीन चेहरा मानी जाती हैं जबकि राहुल आक्रामक चेहरा। मुझे वर्ष 1999 में प्रियंका का बीबीसी को दिया वो साक्षात्कार याद है जिसमें उन्होंने कहा था कि -मेरे दिमाग में यह बात बिलकुल स्पष्ट है कि राजनीति शक्तिशाली नहीं है, बल्कि जनता अधिक महत्वपूर्ण है और मैं उनकी सेवा राजनीति से बाहर रहकर भी कर सकती हूँ। तथापि उनके औपचारिक राजनीति में जाने का प्रश्न परेशानीयुक्त लगता है: मैं यह बात हजारों बार दोहरा चुकी हूँ, कि मैं राजनीति में जाने की इच्छुक नहीं हूँ। यानि आप कह सकते हैं कि प्रियंका बेमन से राजनीति में आयन थीं लेकिन अब उनका मन राजनीति में रम गया है। प्रियंका किसी रेलवे स्टेशन पर चाय बेचते हुए राजनीति में नहीं आयीं। उनके पिता राजीव गाँधी, माँ श्रीमती सोनिया गाँधी, दादी श्रीमती इंदिरा गाँधी, दादा फिरोज गाँधी, और उनसे भी पहले पंडित जवाहर लाल नेहरू देश की राजनीति के महत्वपूर्ण अंग रहे हैं। उनके लिए राजनीति न अपरिचित क्षेत्र है और न जरूरी। मुझे लगता है कि प्रियंका के लिए राजनीति के जरिये देश सेवा करने का ये उचित समय है। उनके बच्चे भी बड़े हो गए हैं, वे तमाम पारिवारिक जिम्मेदारियों से भी लगभग फारिग हो चुकीं है। उनके पास अपनी माँ और भाई के चुनाव प्रबंधन का लंबा अनुभव भी है। 2007 के उप्र विधानसभा चुनावों में उन्होंने जमकर मेहनत भी की थी। बहुत से लोग नहीं जानते होंगे कि प्रियंका मनोविज्ञान में स्नातक भी हैं इसलिए वे देश की जनता के मन को भी भलीभांति समझती हैं। संसदीय राजनीयति में उनके प्रवेश से कांग्रेस को लाभ मिलेगा या नुक्सान होगा ये कांग्रेस आकलन कर चुकी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 17 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट के मामले में एक पर प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

बनियापुर। सहजितपुर स्थानीय गाव मे युवक को गाली गलौज करते जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते जख्मी कर दिए जाने की प्राथमिकी पीड़ित युवक द्वारा दर्ज कराया गया है,जिस घटना की प्राथमिकी मे दो लोगो को आरोपित किया गया है।

घटना की दर्ज प्राथमिकी मे पीड़ित बंटी कुमार ने पंचमुहल्ला गाव के कृष्णा ओझा व सीधार्थ ओझा को नामजद करते मामूली विवाद मे गाली गलौज करते मारपीट कर जख्मी कर दिए जाने का आरोप लगया है,घटना की प्राथमिकी के बाद पुलिस अनुसन्धान मे जुट गयी है।

### दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन जुलूस में उमड़ी दर्शकों की भारी भीड़

प्रातः किरण संवाददाता

माँझी। बुधवार को माँझी प्रखंड के ताजपुर सती माई काली स्थान पर स्थापित दुर्गा प्रतिमा के लिए निकाले गए विसर्जन जुलूस में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। ताजपुर पँचायत के मुखिया मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में निकाले गए जुलूस में आर्केस्ट्रा देखने के लिए आसपास के गाँवों से बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। इस वजह से ताजपुर चौक पर घण्टों जाम का माहौल बना रहा। विसर्जन जुलूस ताजपुर काली स्थान से निकल कर हाई स्कूल के रास्ते होकर डूमाईगढ घाट पर पहुँचा जहां स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाये गए कृत्रिम तालाब में मूर्ति विसर्जित कर दी गई। भीड़ को नियंत्रित रखने के उद्देश्य से विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन के लोग भी दल बल के साथ मौजूद थे।

### विधान पार्षद ने सरकार को भेजा पत्र

प्रातः किरण संवाददाता

एकमा । नगर पंचायत भुइली व प्रखंड के आमडाढी गाँव से निकली दुर्गा पूजा शोभायात्रा में शामिल बेकाबू हाथी पर सवार दो छोटी बच्चियों के साहसिक कदम को देखते हुए सरकार को एक पत्र लिखा है।इस पत्र में उन्होंने दो साहसी बहनों के साहस की जिक्र किया है उन्होंने एकमा में निकली शोभायात्रा में बेकाबू हाथी पर दो बहनें बैठी हुई थी।बेकाबू हाथी के जद में आने से एक की जान भी चली गई है।उन्होंने कहा है छह वर्ष और दस वर्ष की बच्ची बेकाबू हाथी पर बैठी थी। लगभग छह घण्टों तक बेकाबू हाथी की क्रूरता को सहन करती रही फिर भी उन बच्चियों के साहस में कमी नहीं आई।अंततः महावत ने आठ घण्टों बाद सुरक्षित दोनों बच्चियों को सुरक्षित उनके घर पहुँचा दिया ।इस कार्य के लिए श्री राय ने स्थानीय प्रशासन और हाथी के महावत को धन्यवाद दिया है।उन्होंने राज्य सरकार को एक पत्र लिखकर इन साहसी बच्चियों को वीरता पुरस्कार के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया है। श्री राय ने अनुरोध किया है कि हर वर्ष गणतंत्र दिवस के पूर्व सन्ध्या पर साहसी कार्य के लिए बच्चों को सम्मानित किया जाता है। इन दोनों बच्चियों को भी साहस का परिचय देने के लिए सम्मानित किया जाय।

### विश्व का सबसे बड़ा रामलीला लवकुश रामलीला में सारण के बेटी का चयन



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। स्थानीय दहियावां के प्रोफेसर कालोनी निवासी स्वर्गीय पंकज कुमार की पुत्री सुरभि श्री कृष्णा का चयन विश्व का सबसे बड़ा रामलीला लवकुश रामलीला दिल्ली में चयन हुआ है,इस प्रोगाम में चयन होने के बाद शहर में खुशी का माहौल है,सुरभि ने बताया कि वे इसके पूर्व मिस बिहार,मिस इंडिया जैसे प्रोगाम में भी काम कर चुकी है ।लवकुश प्रोगाम में जाने का उनका सपना था जिसको लेकर वे लगातार मेहनत भी कर रही थी ।इस प्रोगाम में चयन के लिए उन्हें तीन राउंड का इंटरव्यू भी फेस करना पड़ा है ।सुरभि ने बताया कि वे लवकुश रामलीला में माता अहिल्या ,सुमित्रा,मंदोदरी,सुलोचना,अष्टसखी आदि जैसे इस नवरात्रि में रोल किए है जिसे देखने के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भाग लिए और उन्हें अहिल्या के रोल में दर्शन किए ।रामलीला प्रोगाम डीडी नेशनल,आस्था आदि चैनलों पर दिखाए जाते है ।उधर एक्मा में इसके चयन को लेकर खुशी का माहौल है।

# जंगली हाथियों के मॉनेटरिंग के लिए प्रशिक्षित गजमित्र किए गए तैनात

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। चितवन जंगल से आए हाथियों का झुंड आय दिन वाल्मीकिनगर बार्डर के इलाकों में उत्पात मचा रहें हैं। परेशानी की बात यह है की नेपाली हाथी प्रतिदिन अपना ठिकाना बदल रहें हैं जो दो अलग अलग समूहों में कुल 13 की संख्या में बताये गए हैं। वीटीआर से सटे कई गांव में लगातार इन जंगली हाथियों ने जमकर तांडव किया है जिससे लोगों का भारी नुकसान हुआ है, क्योंकि किसानों के धान और केले के फसल पर हाथी धावा बोल रहे हैं। हालांकि गाँव के लोगों ने आग और मशाल जलाकर हाथियों को भगाने की कोशिश किया है, इसी को लेकर रात भर ग्रामीण जंगली हाथियों की निगरानी में जग रहें हैं। इधर सूचना पर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वन विभाग की टीम फुट प्रिंट की सहायता से हाथियों की मॉनिटरिंग कर रहा है। नेचर एनवायरनमेंट वाइल्ड लाइफ सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक ने बताया कि नेपाल से हाथी भतुजला और चकरसन स्थित वीटीआर के डिवीजन 01 में शिकारी वास कॉरिडोर और माड़ी कारिडोर के रास्ते आ रहे हैं। ये दो जगह हैं जहाँ गंडक नदी, वीटीआर जंगल के खुली सीमाओं के बीच नेपाली हाथियों को वीटीआर का इलाका खूब भा रहा है।

अभिषेक ने बताया कि हाथियों से लोगों की सुरक्षा के लिए गज मित्रों को तैनात किया गया है जिसमें पुरुष और महिला दोनों शामिल हैं। इन लोगों को प्रशिक्षित किया गया है लिहाजा जैसे ही इन्हें हाथियों के विचरण की सूचना मिलती है ये लोगों को सतर्क और सावधान करते हुए सुरक्षित रहने का टिप्स देते हैं।

हालांकि वन विभाग नेपाली हाथियों के विचरण को सामान्य घटना मान कर पूर्व की तरह अपनी ड्यूटी बजा रहा है लेकिन ग्रामीणों में जान माल की नुकसान को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है क्योंकि इन जंगली हाथियों की झुण्ड में एक सनकी हाथी भी शामिल है जो कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है। लिहाजा वीटीआर प्रशासन को समय रहते नेपाल के चित्तवन माड़ी नेशनल पार्क की सीमाओं पर बैरिकेडिंग जैसे बचाव के कार्य की अहम जरूरत है ताकि ऐसे खूंखार जंगली जानवरों का भारतीय सीमा में प्रवेश रोका जा सके ।

# विधायक ने छठ घाटों के निर्माण पर दिया बल

## बच्चे, वृद्ध तथा गरीबों की सेवा पर विशेष ध्यान दें जनप्रतिनिधि: विधायक

प्रातः किरण संवाददाता




इसुआपुर। प्रखंड के आजाद चौक परसा बाजार पर आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के उप मुख्य सचेतक सह तरैया विधायक जनक सिंह ने छठ घाटों के निर्माण पर बल दिया। साथ ही उपस्थित कार्यकताओं तथा जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे खासकर बच्चे, वृद्ध तथा गरीबों की सेवा पर विशेष ध्यान दें। गरीबों के राशन कार्ड तथा आवास बनवाने पर अधिक से अधिक फोकस करें। पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की अपील लोगों से की। इसके पूर्व विधायक ने विभिन्न ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास भी किया। जिसमें छपियां से गलिमापुर, केरवां हाल्ट से केरवां बाजार, शामकौरिया छपियां रोड से परसा बाजार, शामकौरिया रेलवे ढ़ाला से पेट्रोल पंप तथा एमएमजीवाई रोड से सांई स्थान डोईला बाजार तक शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण की जिम्मेवारी जे के एंड संस कंपनी को दी गई है। वहीं उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि जहां छठ घाट नहीं बना है, इसकी जानकारी मुझे दें। ताकि पहल कर इसे शीघ्र बनवाया जा सके। उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा की अध्यक्षता तथा वीरेंद्र राय के संचालन में सभा को मुखिया प्रतिनिधि दीनदयाल राय, बीडीसी शैलेंद्र राय, जे के सिंह, महेश पड़ित, राकेश सिंह तूफानी, सोनू राज ओझा, गायत्री नंदन शास्त्री, सिपाही राय, अर्जुन सिंह, बच्चा सिंह, सुरेंद्र सिंह, श्रीभगवान सिंह ने भी संबोधित किया।

# माँझी में पैक्स चुनाव की सरगर्मी तेज



प्रातः किरण संवाददाता

माँझी। प्रखंड मुख्यालय पर मतदाता सूची का प्रारूप चस्पा किये जाने तथा नाम सुधार हेतु दावा आपत्ति की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही पंचायतों में पैक्स चुनाव की सरगर्मी तेज हो गयी है। पैक्स चुनाव में निवर्तमान अध्यक्षों के अलावा अध्यक्ष पद के चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने वाले सम्भावित प्रत्यासी वोटरों को रिझाने की प्रकिया में जुट गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार माँझी प्रखंड में 20 पैक्सों के अध्यक्ष व सदस्यों का चुनाव होना है। अध्यक्ष पद के कई सम्भावित प्रत्याशियों ने आरोप लगाया है कि वर्तमान पैक्स अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पुराने मतदाताओं के साथ ही कुछ नये सदस्यों का नाम भी शामिल कर लिए हैं तथा पुराने सदस्यों का नाम परिवर्तित कर उन्हें सह सदस्य की श्रेणी में शामिल कर दिया गया है। उधर वर्तमान पैक्स अध्यक्ष मतदाताओं को रिझाने की कवायद में जुट गये हैं। वहीं नये संभावित प्रत्याशी भी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की जुगत भिड़ा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चाय पान की दुकानों पर पैक्स चुनाव में जीत हार की चर्चा शुरू हो गई है तथा सम्भावित प्रत्यासी मतदाताओं की आवभगत में जुट गए हैं। वही माँझी प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय में मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दावा और आपत्ति के लिए तीन काउंटर खोला गया है। बीडीओ रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि दावा-आपत्ति का समय 22 अक्टूबर तक है। जिसमें सुधार के बाद 25 अक्टूबर तक फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के दायरे में रहकर चुनाव से सम्बंधित कार्यों में पूरी तरह पारदर्शिता बरती जा रही हैं।

# छात्रों के लिए शोध कार्य के लिए मिला सुनहरा अवसर

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जय प्रकाश विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण अंगीभूत इकाई राजेंद्र महाविद्यालय,छपरा एवं डी.ए.वी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवान के प्राध्यापकों को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा एक शोध प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ है । महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कैलाश पति गोस्वामी में बताया कि इस शोध का शीर्षक आजीविका और व्यावसाय पर बिहार में ग्रामीण परिवार की विविधीकरण रणनीति के गहन अध्ययन पर आधारित है । विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित इस प्रोजेक्ट के कॉर्डिनेटर डॉ. रामानुज कौशिक और सहयोगी प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. प्रभाकर निषाद, डॉ. अनुपम कुमार सिंह, डॉ. नसीम अंसारी व डॉ. आशुतोष शरण हैं। इस प्रोजेक्ट का मूल उद्देश्य बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका विविधीकरण का अध्ययन करना है । इस विस्तृत कार्य हेतु कई शोध स्टाफ (ऋ्रिं।ल्लप्१२३ॅ३ङ्ग१२)की नियुक्ति लघु अवधि के लिए की जाएगी जो अध्ययन क्षेत्र में जाकर आंकड़ा संग्रहण करेंगे। इसके साथ ही शोध असिस्टेंट और एसोसिएट के लिए भी विज्ञापन जारी किया गया है । इसमें नियुक्त स्नातकोत्तर उतीर्ण छात्रों और शोधार्थियों को शोध कार्य हेतु अनुभव प्रमाण पत्र और मासिक भुगतान भी किया जाएगा। यह अनुभव आगामी शैक्षणिक करियर में कारगर साबित होगा। प्रोजेक्ट में नए आईडिया हेतु एक सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा। इस शोध कार्य से सरकार को नीति निर्धारण में मदद मिलेगी ।इस संबंध में विस्तृत विज्ञापन डी ए वी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है ।

## आरएसए के कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन

छपरा सदर,प्रातः किरण। स्थानीय पृथ्वी चंद्र विज्ञान महाविद्यालय, छपरा आर एस ए इकाई ने जय प्रकाश विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन महाविद्यालय के गेट पर किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में संबोधित करते हुए छात्र नेता राहुल यादव ने कहा कि स्नातक प्रथम खंड सत्र 22-25 का जो रिजल्ट प्रकाशन हुआ है उसमें भारी त्रुटि है 95% छात्र -छात्राओं को फेल एवं प्रमोटेड कर दिया गया है ।वही बी एड की ।परीक्षा में पूरी चोरी कराई जा रही है ।जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में फैले शैक्षणिक अराजकता भ्रष्टाचार एवं जातीयता पूरी तरह चरम सीमा पर है । संगठन के नेताओं के द्वारा कहा गया कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में पीएचडी का मौखिक परीक्षा लगभग बंद सा हो गया है । फर्जी मार्कशीट जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के द्वारा विभिन्न महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को दिया जा रहा है। मालूम हो कि परीक्षा नियंत्रक के रूप में प्रोफेसर श्री कमल जी की नियुक्ति 7 सितंबर 23 को हुई थे स्नातक प्रथम खंड 20-23 का रिजल्ट प्रकाशन 11 मार्च 2023 को हुआ था उस अंक पत्र पर परीक्षा नियंत्रक के रूप में प्रोफेसर स्त्री कमल जी का हस्ताक्षर कंट्रोलर के रूप में हुआ है. जबकि उस समय वह परीक्षा नियंत्रक थे ही नहीं। जो टैबलेटर का हस्ताक्षर जिस जगह पर हुआ है. मार्च महीने में उस टेबलेटर की नियुक्ति ही नहीं हुई थी विश्वविद्यालय में। ऐसी स्थिति में यह पूरी तरह से यह अंक पत्र ही फर्जी है। अंक पत्र के लिए कई सहायक परीक्षा नियंत्रक बनाए गए हैं। उन्हीं लोगों के द्वारा यह अंक पत्र छाप कर विभिन्न महाविद्यालय में भेजा जा रहा है। जो अंक पत्र पूरी तरह से फर्जी है। जैसे ही यह मामला आया है. महाविद्यालय में विभिन्न तरीके से चर्चा जोरो पर है. लगभग 30 से 40 हजार फर्जी अंक पत्र विभिन्न महाविद्यालय में भेजे जा चुके हैं कई छात्र-छात्राएं वह अंक पत्र उठा लिए भी है ।

# राष्ट्रीय जदयू महासचिव ने जनसुराज नेता प्रशांत किशोर पर साधा निशाना



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा पहुँचे जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने कार्यकर्त्ता समागम में भाग लेते हुए जहाँ पार्टी कार्यकताओं और नेताओं में जोश भरा वहीं जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर पर इशारों इशारों में निशाना साधा।बतादें की जदयू महासचिव मनीष कुमार वर्मा बगहा में कार्यकताओं के समागम शामिल होने पहुंचे थे।इस दौरान राज्यभर के कार्यकताओं की समस्याओं के निदान का भरोसा दिया तो वहीं 2025 विधानसभा चुनाव की तैयारियों कों लेकर पार्टी कार्यकताओं को मनीष वर्मा ने जरूरी टिप्स दिये । एनडीए में आपसी समन्वय पर तेजी से काम चलने की बात कहीं ।

वहीं जनसुराज नेता प्रशांत किशोर पर इशारों इशारों में निशाना साधते हुए कहा की जनता तय करेगी पीके का क्या राजनितिक मापदंड है, क्योंकि पदयात्रा करते नई पार्टी जनसुराज का गठन किया गया है जो जनता के सामने है उनके पार्टी का कोई लोकतान्त्रिक प्रणाली है भी या नहीं इसका फैसला बिहार की जनता करेगी, लोगों की जो इच्छा होंगी वहीं होगा ।

इधर जेडीयू कार्यकताओं ने बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से एनडीए सरकार बनाने को लेकर एकजुटता दिखाई ।

खासकर अल्पसंख्यक समाज के वोटरों कों गोलबंद करने की क्वायद तेज कर दी गई है। जेडीयू की रैली में वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार के साथ एमएलसी भीष्म सहनी और विधायक रिंकू सिंह भी मौजूद रहे।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस :आगामी 31 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यक्रमों का किया जाएगा आयोजन

किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। मानसिक स्वास्थ्य एक तरह से मीठा जहर है, जो वैश्विक स्तर पर इसका असर धीरे - धीरे ही सही लेकिन अब विकराल रूप लेने लगा है। हालांकि वैश्विक स्तर पर कोविड-19 महामारी ने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को और अधिक उजागर किया है, जिससे कई लोगों में चिंता, अवसाद और अन्य मानसिक बीमारियां बढ़ी हैं। मानसिक स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों से भी जुड़ा हुआ है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, जागरूकता फैलाने और उसके महत्व को समझाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पूरे देश में प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसका असर समाज में गंभीर रूप से होता है। जिसके तहत 10 अक्टूबर से लेकर आगामी 31 अक्टूबर तक यानी कि पूरे अक्टूबर महीने में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन कर संचालित किया जाता है। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विकराल रूप लेने वाले कलंक को खत्म करना और लोगों को सही जानकारी प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। यदि मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल को प्राथमिकता दी जाए, तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में सुधार होगा बल्कि समाज में समग्र कल्याण भी बढ़ेगा।

### स्वस्थ और खुशहाल समाज का निर्माण करने में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता जरूरी: एनसीडीओ

जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ भूपेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय आ गया है, थीम पर अक्टूबर-2024 में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। जिला स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों यथा- जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात कर्मचारियों के साथ संवाद सत्र आयोजित करना, कार्यस्थलों पर तनाव प्रबंधन सत्र, स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों के लिए विषय विशेष के संबंध में स्वास्थ्य वार्ता सत्र, नारा लेखन, निबंध लेखन और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता तथा छात्रों के माता- पिता के लिए जागरूकता सत्रों का आयोजन किया जाना है। हम सभी को मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता के साथ लेने के साथ ही इसे अपने जीवन के हर पहलू में शामिल करना चाहिए। क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाना और समर्थन देना हर किसी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है, ताकि हम एक स्वस्थ और खुशहाल समाज का निर्माण कर सकें। सोनपुर के चौसिया हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी विश्व प्रकाश राहुल द्वारा विश्व मानसिक

# युवाओं को अपने इतिहास व संस्कृति को जानने की अति आवश्यकता: प्राचार्य

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। स्थानीय राजेंद्र कॉलेज और इतिहास संकलन समिति, उत्तर बिहार के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने किया। व्याख्यान के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. सुरेश कुमार पाण्डेय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली थे। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रोसेसर सुशील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि देश के युवाओं को अपने इतिहास, संस्कृति को जानने और समझने की आवश्यकता है क्योंकि इसको संजोए रखना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. सुरेश ने कहा कि भारतीयता बोध को समझने के लिए संस्कृति, परंपरा, इतिहास और दर्शन को समझना होगा । भारतीयता का बोध को समझने के लिए यहाँ के पारिवारिक व्यवस्था को भी समझने की आवश्यकता है ।भारत बोध अपने राष्ट्र भारत से संदर्भित वे अनुभूत तथ्य और सत्य है जिसमें देश की सामूहिक चेतना आप्लावित होती है। भारत बोध भारतीयता का ही चैतन्य विस्तार है। भारत बोध में हजारों वर्षों से परंपराओं के जरिए एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचते रहे उन मूल्यों का समावेश है, जिसकी बुनियाद पर भारतीय सभ्यता कई हजारों साल से लगातार अपनी श्रेष्ठता बनाए रखे हुए है। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. विधान चंद्र भारती ने और मंच संचालन डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सरोज, डॉ. राकेश, डॉ. प्रवीण, नवलेश कुमार, विनय मोहन, रजनीकांत समेत कई शोधार्थी और छात्र उपस्थित थे।

# दिघवारा में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल द्वारा लगाया गया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

प्रातः किरण संवाददाता



दिघवारा ।गर ।नगर पंचायत के हेमतपुर स्थितहजारी लाल बैद्यनाथ प्रसाद पेट्रोल परिसर में बुधवार को अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक की टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने किया।श्री कुमार ने कहा कि हर क्षमतावान लोगों को जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए।ऐसा करने पर ही लोगों को आत्मिक संतुष्टि मिलती है।शिविर में सैकड़ों मरीजों का आंख जांच किया गया व उचित परामर्श भी दिया गया। डॉ.अरविंद कुमार ने भी आई हॉस्पिटल के प्रयासों की सराहना की और अस्पताल द्वारा जनहित में किए जाने वाले कार्यों की चर्चा कर संस्था के प्रयासों की सराहना की।डॉ.एम. डी.जकारिया के नेतृत्व में अस्पताल की टीम ने मरीजों का इलाज किया और उचित सलाह दिया।इस अवसर पर जेई राजेश कुमार,सूर्यनारायण प्रसाद,रंगकर्मी महेश स्वर्णकार,रंधीर कुमार,मनीष कुमार,प्रमोद कुमार,अभिषेक कुमार आदि कई प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद थे।

## हवाई अड्डा चौक के समीप मगरमच्छ ने डाला डेरा ग्रामीणों ने वन विभाग से लगाई रेस्क्यू की गुहार



बगहा, प्रातः किरण। वनप्रमण्डल 2 के हवाई अड्डा चौक के समीप गड्ढे में मगरमच्छ ने डेरा जमा लिया है। हवाई अड्डे चौक स्थित ग्रामीणों ने वन विभाग से गड्ढे से मगरमच्छ के रेस्क्यू की वन विभाग से गुहार लगाई है।बतादें की हवाई अड्डे चौक के आसपास लोगों के कई घर है और इसी रास्ते से होकर उत्क्रमित विद्यालय के विद्यार्थी स्कूल आते जाते हैं। स्थानीय निवासी लालबाबू कुमार गुप्ता ने बताया कि मगरमच्छ कभी कभी पानी से निकलकर ऊपर की तरफ आ जाता है। जिस कारण लोग दहशत में है। उन्होंने आगे बताया कि ग्रामीणों ने वन विभाग से मगरमच्छ के रेस्क्यू के लिए आग्रह किया है।जबकि शोसल मीडिया के जरिये भी इस बात की जानकारी दी गई है। बतातें चलें कि जंगली जीव जंतु वीटीआर जंगल से निकलकर रिहायशी इलाके की तरफ भोजन की तलाश में चले आ रहे है।

# 18 एवं 19 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर में दो दिवसीय नियोजन मेला का होगा अयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा ह्लसंकल्पह्व योजना अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु प्रमंडल स्तरीय दो दिवसीय नियोजन -सह- मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जाएगा '

जिला नियोजन पदाधिकारी शोभा कुमारी के द्वारा बताया गया कि बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित ह्लसंकल्पह्व योजना के अंतर्गत श्रम संसाधन विभाग , बिहार , पटना के तत्वाधान में उपनिदेशक (नियोजन) तिरहुत एवं सारण प्रमंडल के द्वारा दो दिवसीय प्रमंडल स्तरीय नियोजन -सह- मार्गदर्शन मेला रामदयालु सिंह महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर के मैदान में 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को निर्धारित है '

इस मेले में बिहार एवं अन्य राज्यों की 30 निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल होंगी ' इस मेले में भाग लेने के इच्छुक आवेदक अपने बायोडाटा, फोटोग्राफ, शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र ,अनुभव संबंधित प्रमाण पत्र के साथ नियोजन मेला में आमंत्रित हैं ' नियोजन मेला में भाग लेने हेतु बिहार के किसी भी नियोजनालय में निबंधन होना अनिवार्य है ' वैसे आवेदक जो अभी तक एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन नहीं करवाए हैं , अपना निबंधन ६६६.ल्लू२ॅङ्म५.ल्ल पर कर लें। नियोजन मेला में केवल निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग ले रही हैं ' रिक्ति एवं नियुक्ति की शर्तें तथा चयन के मापदंड के लिए नियोक्ता कंपनी जिम्मेदार होंगे। यह नियोजन मेला पूर्णतः निःशुल्क है '

## वार्ड नम्बर 5 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का हाल खस्ता हाल ,आसपास विषैले जीवों ने डेरा जमाया



बगहा, प्रातः किरण। वाल्मीकिनगर पंचायत के भेड़ियानी स्थित वार्ड नम्बर 05 आंगनबाड़ी केंद्र की हालत खस्ता हाल हो चली है। इस केंद्र के आसपास बरसात के बाद जंगल उग आए हैं और इसके आसपास गड्ढों में पानी भर जाने से विषैले जीवों ने डेरा जमा लिया है। हवाई अड्डा निवासी लालबाबू गुप्ता ने शोसल मीडिया में वीडियो पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।लालबाबू ने बताया कि स्कूल का फर्श कई जगह से टूट गए हैं और बच्चों के पानी पीने के चापाकल भी चोरी हो गई है।केंद्र के आसपास के पानी लगे गड्ढे में विषैले जीव जंतुओं ने डेरा जमा लिया है।ग्रामीणों ने अनहोनी होने की आशंका जताते हुए अविलंब ग्रामपंचायत से कार्यवाई करने का आग्रह किया है।

# जब रोहित शर्मा ने युवा ऋषभ पंत को समझाई 'गाबा की अहमियत'




नई दिल्ली (एजेंसी)। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ कुछ समय के लिए यह समझ नहीं पाए थे कि 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी नाबाद 89 रन की पारी के बाद प्रशंसक क्यों इतने रोमांचित हो गए थे जब तक कि रोहित शर्मा ने उन्हें यह नहीं बताया कि उनकी यह पारी ऐतिहासिक टेस्ट में सिर्फ एक और मैच जीतने वाला प्रयास नहीं था।

तत्कालीन नियमित कप्तान विराट कोहली, सीनियर खिलाड़ी लोकेश राहुल और तीन मुख्य गेंदबाजों के बिना उतरी दूसरे दर्जे की भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उस स्थान पर तीन विकेट से हराया जिसे मेजबान टीम का गढ़ माना जाता था क्योंकि टीम ने 1989 के बाद से वहां एक भी मैच नहीं गंवाया था। ऑस्ट्रेलिया के 328 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंत ने निर्णायक पारी खेली। यह प्रतिकूल विदेशी परिस्थितियों में किसी भारतीय द्वारा खेली गई सबसे बेहतरीन पारियों में से एक थी। पंत ने कहा, 'कभी-कभी, इस तरह का प्रदर्शन होता है जिसे आप जीवनभर याद रखते हैं और मेरे लिए गाबा टेस्ट इसमें से एक है। शुरुआत में पंत के लिए यह भारत के लिए एक कड़ा टेस्ट जीतने की संतुष्टि थी लेकिन जैसे-जैसे समय बीता तो उन्हें अपनी उपलब्धि का महत्व समझ आया जिसके बारे में उन्हें रोहित ने बताया था। पंत ने कहा, 'उस समय मैंने महसूस नहीं किया कि यह कितना महत्वपूर्ण है। रोहित भाई वहां थे और उन्होंने मुझे कहा, 'तुम्हें नहीं पता कि तुमने क्या किया है।' मैंने पूछा, 'मैंने क्या किया है? मेरे लक्ष्य सिर्फ मैच जीतना था। रोहित भाई ने कहा, 'तुम्हें बाद में समझ आएगा कि तुमने क्या किया है।

दिल्ली के इस खिलाड़ी ने कहा, ''जब मैं जब भी लोगों को गाबा मैच के बारे में बात करते हुए सुनता हूं तो मुझे समझ आता है कि उनका मतलब क्या था और यह कितना महत्वूपर्ण था। पंत ने ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 श्रृंखला के दौरान सिडनी टेस्ट में करियर की सर्वश्रेष्ठ 159 रन की पारी खेली। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 2021 श्रृंखला में सिडनी में 97 जबकि ब्रिसबेन में नाबाद 89 रन की पारी खेलकर प्रशंसकों और विरोधी टीम का सम्मान तथा सराहना हासिल की। उन्होंने कहा, 'जब आप ऑस्ट्रेलिया जाते हैं तो आपको उछाल और शॉर्ट गेंदों से निपटने पर अधिक काम करना पड़ता है क्योंकि वहां विकेट अलग होते हैं और माहौल भी अलग होता है। पंत ने कहा, 'वे नहीं चाहते कि आप जीतें जिससे यह और भी मजेदार हो जाता है। ऑस्ट्रेलिया जाकर उनके घर में उन्हें हराने से बढ़कर कोई और अहसास नहीं हो सकता।

## पारस म्हाम्ब्रे फिर मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच बने



मुंबई (एजेंसी)। भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे बुधवार को इसी भूमिका में फिर से पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैम्पियन मुंबई इंडियंस से जुड़ गए। भारतीय टीम के साथ उनका गेंदबाजी कोच के तौर पर कार्यकाल इस साल भारत के टी20 विश्व कप जीतने के बाद जून में समाप्त हुआ था। मुंबई इंडियंस ने कहा कि म्हाम्ब्रे (52 वर्ष) गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा और मुख्य कोच महेला जयवर्धने के साथ काम करेंगे। जयवर्धने दो साल के अंतराल बाद फिर से मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। म्हाम्ब्रे इससे पहले मुंबई इंडियंस के साथ काम कर चुके हैं जब फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2013 में और चैम्पियंस लीग टी20 में 2011 और 2013 में खिताब जीता था। मुंबई इंडियंस ने सोमवार को जयवर्धने को मुख्य कोच के तौर पर फिर से अपनी टीम में शामिल किया था जिन्होंने 2017 से 2022 के बीच टीम को अपने मार्गदर्शन में तीन खिताब दिलाए थे।

## भारत के बारे में बात करने पर प्रतिबंध है

- पाकिस्तान ए क्रिकेट टीम के कप्तान मो. हारिस का खुलासा

करांची दूसरा टेस्ट पाकिस्तान ए टीम के कप्तान मोहम्मद हारिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है कि पुरुष टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप के लिए उनकी टीम को ड्रेसिंग रूम में भारत के बारे में बात करने पर प्रतिबंध है। पाकिस्तान शाहीन 19 अक्टूबर को अपने टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत ए से भिड़ेगी। उनके ग्रुप में यूएई और ओमान दो अन्य टीमें हैं। हारिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में कहा, आपको एक बात बताऊं। पहली दफा होगा के इस ड्रेसिंग रूम में भारत पर बात करने पर पाबंदी है। 23 वर्षीय हारिस ने सीनियर पाकिस्तान टीम के लिए अब तक 6 वनडे और 9 टी20 मैच खेले हैं, ने कहा कि अगर खिलाड़ी केवल भारत के खिलाफ मैच के बारे में बात करते हैं तो इससे उन पर अतिरिक्त दबाव बनता है। उन्होंने कहा, हमें (सिर्फ) भारत के बारे में नहीं सोचना है, हमें दूसरी टीमों के बारे में भी सोचना है। मैं (सीनियर) पाकिस्तान टीम में रहा हूं, पिछला विश्व कप भी खेला है। इससे इतना दबाव बनता है कि मानसिक रूप से आप भारत, भारत के बारे में सोचते रहते हैं। हमें दूसरी टीमों का भी सामना करना है। इसलिए इस टीम पर फिलहाल (भारत के बारे में बात करने पर) प्रतिबंध है। हमने अभी तक ड्रेसिंग रूम में भारत के बारे में बात नहीं की है। सिर्फ भारत ही नहीं, हमें दूसरी टीमों का भी सम्मान करना है।



टूर्नामेंट में भारत की अगुआई मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा करेंगे जो सीनियर टीम के लिए पहले ही चार वनडे और 16 टी20 मैच खेल चुके हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को वर्मा की जगह उप-कप्तान नियुक्त किया गया है।

## सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी बनी एनसीएल चैम्पियंस शिकागो क्रिकेट क्लब के लिए यादगार

डलास (एजेंसी)। चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप में शिकागो क्रिकेट क्लब को विजेता की ट्रॉफी प्रदान करके उनके लिये इसे यादगार पल बना दिया।




शिकागो ने डलास यूनिवर्सिटी में अटलांटा क्रिकेट क्लब को फाइनल में हराकर खिताब जीता। दुनिया भर में एनसीएल को ढाई अरब से अधिक लोगों ने देखा। तेंदुलकर ने शिकागो के मुख्य कोच रॉबिन उथप्पा को ट्रॉफी दी, दर्शकों से बात की, हाथ मिलाया और तस्वीरें भी खिंचवाई। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट ने मुझे इतना कुछ दिया है और यहां डलास में फाइनल देखकर और ट्रॉफी विजेता को देकर बहुत अच्छा लग रहा है। लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य उज्जवल है।

### भारत-न्यूज़ीलैंड टेस्ट

# पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द

**टॉस तक नहीं हो सका, बेंगलुरु में सुबह से रुक-रुककर वर्षा होती रही**




बेंगलुरु (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल रद्दकर दिया गया है। बेंगलुरु में बुधवार सुबह से रुक-रुककर बारिश होती रही। ऐसे में अंपायर्स ने ग्राउंड स्टॉफ से बात करने के बाद दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया।

मौसम की वेबसाइट एक्यूवेदर के अनुसार बेंगलुरु में अगले 4 दिन तक इसी तरह के मौसम का अनुमान है। इससे पहले कानपुर टेस्ट के शुरुआती 3 दिन बारिश से प्रभावित रहे थे।

### दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11


**भारत** - रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड** - टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉन्वे, विल यंग, ??रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सेंटनर/माइकल ब्रेसवेल, टिम साउदी, एजाज पटेल और विलियम ओरुर्के।

## एमबाप्पे के खिलाफ चल रही बलात्कार मामले की जांच

**मामले पर फुटबॉलर के प्रतिनिधियों ने दी प्रतिक्रिया**

स्टॉकहोम (एजेंसी)। फ्रांस के फुटबॉल स्टार काइलियान एमबाप्पे के प्रतिनिधियों ने स्वीडन के मीडिया में छपी उस रिपोर्ट को 'झूठी और गैर जिम्मेदाराना' बताया है जिसमें कहा गया है कि उनके खिलाफ बलात्कार के एक मामले में जांच चल रही है। सूत्रों का हवाला दिए बिना स्वीडन के कई मीडिया ने रिपोर्ट दी है कि रीयाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर एमबाप्पे के खिलाफ बलात्कार के मामले की जांच चल रही है। रिपोर्ट के बाद स्वीडन के अभियोजकों ने मंगलवार को छोटा सा बयान जारी किया कि पुलिस के पास बलात्कार की एक शिकायत आई है लेकिन इसमें किसी का नाम नहीं लिया गया। बयान में कहा गया, 'रिपोर्ट के अनुसार यह घटना स्टाकहोम के एक होटल में 10 अक्टूबर 2024 की है। एमबाप्पे की मीडिया टीम ने कहा, 'ये आरोप बिल्कुल झूठे और गैर जिम्मेदाराना है। काइलियान एमबाप्पे अपनी प्रतिष्ठा और सम्मान पर किसी तरह की आंच आना बर्दाश्त नहीं करेंगे। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी एमबाप्पे ने लिखा, 'फेक न्यूज।



### एशेज 2025-26 का शेड्यूल जारी

## पर्थ में खेला जाएगा श्रृंखला का पहला मैच

मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को घरेलू मैदान पर 2025-26 एशेज श्रृंखला के कार्यक्रम का खुलासा किया जिसमें पर्थ 21 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड की कड़ी प्रतिद्वंद्विता के शुरुआती मुकाबले की मेजबानी करेगा। ब्रिस्बेन के गाबा में 4 दिसंबर से दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा, जो दिन-रात टेस्ट होगा और गुलाबी गेंद से खेला जाएगा, जबकि प्रतिष्ठित एडिलेड ओवल तीसरे टेस्ट के दौरान क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता के इस नए अध्याय का एक और हिस्सा देखने को मिलेगा। तीसरा टेस्ट 'प्री-क्रिसमस' टेस्ट होगा, जो अगले दो टेस्ट, बॉक्सिंग डे टेस्ट, 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में श्रृंखला का चौथा मैच और 4 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में नए साल का श्रृंखला का अंतिम मैच होगा।



इससे पहले एडिलेड ऑस्ट्रेलिया में डे-नाइट टेस्ट क्रिकेट का घर रहा है, जिसका पहला मैच 2015 में हुआ था और इसने 2017-18 और 2021-22 श्रृंखलाओं में दो पिछले एशेज डे-नाइट टेस्ट की मेजबानी की है। गाबा ने पहले तीन डे-नाइट टेस्ट की मेजबानी की थी जिसमें इस साल की शुरुआत में जनवरी में वेस्टइंडीज की प्रसिद्ध जीत भी शामिल थी। लेकिन दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई सरकार और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, पर्यटन के दृष्टिकोण से मैच की लोकप्रियता को देखते हुए एडिलेड को एक मार्की हॉलिडे टेस्ट मैच स्लॉट देने में रुचि रखते थे।

यह पहली बार होगा जब ब्रिसबेन ने 1982-83 के बाद से एशेज सीरीज के पहले मैच की मेजबानी नहीं करेगा। पर्थ पहला टेस्ट आयोजित करेगा और दूसरा टेस्ट ब्रिसबेन में होगा। गाबा स्टेडियम का भविष्य अंधकारमय हो गया है क्योंकि 2032 ओलंपिक के लिए इसके पुनर्विकास की योजनाओं पर अनिश्चितता है। इस बात की अच्छी संभावना है कि एशेज 2025-26 गाबा टेस्ट स्टेडियम में आखिरी टेस्ट होगा क्योंकि 2026-27 और उसके बाद वहां कोई टेस्ट निर्धारित नहीं है। स्टेडियम अपनी मौजूदा स्थिति में 2030 तक उपयोग करने योग्य नहीं होगा।

## हॉकी इंडिया महिला लीग नीलामी में सबसे महंगी बिकी उदिता दुहान




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय डिफेंडर उदिता दुहान हॉकी इंडिया महिला लीग में सबसे महंगी बिकी जिन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने मंगलवार को नीलामी में 32 लाख रुपए में खरीदा। नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन को ओडिशा वारियर्स ने 29 लाख रुपए में खरीदा। भारत की लालरेम्सियामी (बंगाल टाइगर्स, 25 लाख), सुनेलिटा टोप्पो (दिल्ली एसजी पाइपर्स, 24 लाख), संगीता कुमारी (दिल्ली एसजी पाइपर्स, 22 लाख) पर भी अच्छी बोलियां लगी। विदेशी खिलाड़ियों में बेल्जियम की चार्लोट एंजेलबर्ट (सूरमा हॉकी क्लब, 16 लाख), जर्मनी की चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट (सूरमा हॉकी क्लब, 16 लाख) और आस्ट्रेलिया की जेसलिन बार्टरम (ओडिशा वारियर्स 15 लाख) अच्छे दाम पर खरीदी गई।

अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को बंगाल टाइगर्स ने 10.5 लाख रुपए में खरीदा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे (20 लाख), इशिका चौधरी (16 लाख) और नेहा गोयल (10 लाख) को ओडिशा वारियर्स ने खरीदा। पूर्व कप्तान सविता (20 लाख), शर्मिला देवी (10 लाख) और निक्की प्रधान (12 लाख) को सूरमा हॉकी क्लब ने खरीदा। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नवनीत कौर (19 लाख), युवा गोलकीपर बिछू देवी खारीबम (16 लाख) और दीपिका (20 लाख) को खरीदा।

### मुल्तान दूसरा टेस्ट मैच

# पाकिस्तान पहली पारी में 366 पर ऑलआउट

**कामरान का शतक, इंग्लैंड के लिए लीच ने 4 विकेट लिए**



मुल्तान (एजेंसी)। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मुल्तान में खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले के दूसरे दिन पाकिस्तान 366 रन पर ऑलआउट हो गया। पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत 259/5 के स्कोर से की थी। टीम ने मंगलवार को टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। पाकिस्तान के लिए अपना डेब्यू टेस्ट खेल रहे कामरान गुलाम ने शतक लगाया। उन्होंने 224 बॉल पर 118 रन की पारी खेली। उनके अलावा सईम अयूब ने 77 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 41, आमिल जमाल ने 37 नोमान अली ने 32 और आगा सलमान ने 31 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड से जैक लीच ने 4 विकेट झटके। ब्रायडन कार्स ने 3 विकेट लिए। मैथ्यू पॉट्स को 2 और शोएब बशीर को 1 विकेट मिला।

**पहले दिन पाकिस्तान की खराब शुरुआत** -पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 15 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया। अब्दुल्ला शफीक 7 रन बनाकर आउट हुए। दूसरा झटका 19 रन पर लगा। कप्तान शान मसूद 3 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट जैक लीच ने लिए। यहां से कामरान गुलाम और सईम अयूब ने पाक की पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 149 रन की साझेदारी हुई। यह साझेदारी सईम के विकेट के साथ टूटी। सईम ने 77 रन बनाए। इसके बाद सऊद शकील 4 रन बनाकर आउट हुए। दिन का आखिरी विकेट कामरान के रूप में गिरा। उन्होंने 224 बॉल पर 118 रन की पारी खेली।

**पाकिस्तान पहला मैच पारी और 47 रन से हारा**- टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार कोई टीम 500 से ज्यादा रन बनाने के बाद भी मैच हार गई। यह रिकॉर्ड बना पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच मुल्तान में खेले गए टेस्ट मैच में।

इस टेस्ट में पाकिस्तान ने पहली पारी में 556 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड की पारी शुरू हुई। हैरी ब्रूक के तिहरे और जो रूट के दोहरे शतक की बदौलत इंग्लैंड ने 823 रन बनाए। पाकिस्तान पर इंग्लैंड ने 267 रन की बढ़त ले ली।

पाकिस्तान दूसरी पारी में 220 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड ने यह मैच पारी और 47 रनों से जीत लिया। 1877 में पहली बार पहला आधिकारिक टेस्ट खेला गया था। उसके बाद पहली बार कोई टीम इस तरह से हारी है।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**पाकिस्तान** - शान मसूद (कप्तान), सईम अयूब, अब्दुल्ला शफीक, कामरान गुलाम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), आगा सलमान, आमेर जमाल, नोमान अली, साजिद खान और जाहिद महमूद।

**इंग्लैंड** - बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पॉप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), मैथ्यू पॉट्स, ब्रायडन कार्स, जैक लीच और शोएब बशीर।

# भारत के बाद इंग्लैंड भी महिला टी20 विश्व कप से बाहर, 12 साल बाद जीती विंडीज






शारजहा (एजेंसी)। वेस्टइंडीज ने महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के आखिरी मैच में मंगलवार को यहां इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। इस हार के साथ ही इंग्लैड की टीम का सफर ग्रुप चरण में ही खत्म हो गया। ग्रुप से दक्षिण अफ्रीका बेहतर नेट रन रेट से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनीं। इंग्लैंड को छह विकेट पर 141 रन पर रोकने के बाद वेस्टइंडीज ने 18 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज के लिए किआना जोसेफ ने 38 गेंद में 52 और कप्तान हेली मैथ्यूज ने 38 गेंद में 50 रन का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। यह लंबे समय बाद विंडीज टीम की इंग्लैंड पर जीत है। विंडीज ने आखिरी बार 2012 में इंग्लैंड को टी20 इंटरनेशनल मैच में हराया था। अब 12 साल बाद एक बार फिर से विंडीज की जीत हुई है।

**इंग्लैंड महिला-141-7 (20 ओवर)** - इंग्लैंड को माइया बाउचियर (14) और डेनिएल व्याट-हॉज (16) ने सधी हुई शुरूआत दी। लेकिन 7वें ओवर में ही उनका तीसरा विकेट भी गिर गया। एलिस मात्र 1 रन बनाकर रन आऊट हो गई। इसके बाद नेट साइवर ब्रंट ने कप्तान हीथर नाइट के साथ मिलकर इंग्लैंड टीम का स्कोर आगे बढ़ाया। नेट ने क्रीज पर पांव जमाए रखे और अंत तक 50 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 57 रन बनाकर स्कोर 141 तक पहुंचाया। इस दौरान कप्तान हीथर ने 21 रनों का योगदान दिया। एमी ने 7, चार्जी ने 7, गिब्सन ने 7 तो सोफिया ने 7 रन का योगदान दिया। विंडीज के लिए फ्लेचर ने 21 रन देकर 3 तो हैले मैथ्यूज ने 2 विकेट लीं।

**विंडीज महिला - 142-4 (18 ओवर)** - विंडीज को ओपनिंग क्रम पर कप्तान हेले मैथ्यूज और कियाना जोसेफ ने शानदार शुरूआत दी। दोनों ने अर्धशतक जड़े। और पहले विकेट के लिए 13 ओवर के अंदर ही 102 रन की पार्टनरशिप की। हैले ने 38 गेंदों पर 7 चौके और एक छक्के की मदद से 50 तो कियाना ने 38 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए। डॉटिन ने 19 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर विंडीज टीम को 18 ओवर में ही जीत दिला दी।

**प्लेयर** ऑफ द मैच कियाना जोसेफ ने कहा कि मैं शुरुआत में वास्तव में आक्रामक थी। मुझे अंत में थोड़ी प्रतिस्पर्धा पसंद है। बेशक यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। बस गेंद की लाइन के पार हिट करने के लिए खुद का समर्थन किया। वास्तविक खुशी महसूस कर रही हूं। बस प्रभु को धन्यवाद देना चाहती हूं। मेरी टीम के साथी हर तरह से मेरा समर्थन कर रहे थे। हमारे लिए (सेमीफाइनल) यह बहुत मायने रखता है।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**इंग्लैंड महिला** - माइया बाउचियर, डेनिएल व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, नेट साइवर-ब्रंट, हीथर नाइट (कप्तान), एमी जोन्स (विकेटकीपर), डेनिएल गिब्सन, चार्लोट डीन, सोफी एक्लेस्टोन, सारा ग्लेन, लॉरेन बेल

**वेस्टइंडीज महिला** - हेले मैथ्यूज (कप्तान), कियाना जोसेफ, शेमाइन कैंपबेल (विकेटकीपर), डींड्रा डोटिन, चिनेले हेनरी, चेडियन नेशन, जैदा जेम्स, अश्मिनी मुनिसर, आलिया एलेने, अफी फ्लेचर, करिश्मा रामहैरक

## संक्षिप्त समाचार



### सरकारी कर्मचारियों के लिए दिवाली गिफ्ट, साय सरकार ने बढ़ाया महंगाई भत्ता

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने कर्मचारियों को बड़ा दिवाली गिफ्ट दिया है। साय सरकार ने राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ाने का ऐलान किया है। इस तरह अब छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के बारे में जानकारी देते हुए सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि आज कैबिनेट मीटिंग है। हमारी सरकार ने निर्णय किया है कि राज्य कर्मचारी जो अभी 46 प्रतिशत डीए पा रहे हैं, उसे 4 प्रतिशत बढ़ा दिया जाएगा। इस तरह अब राज्य कर्मचारियों का डीए बढ़कर 50 प्रतिशत पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि अब राज्य कर्मचारी 50 प्रतिशत का डीए पाएंगे। विष्णु देव साय ने बताया कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता कर्मचारियों के लिए अक्टूबर महीने से लागू होगा।

### हरियाणा की कंपनी ने दीपावली गिफ्ट में बांटी लग्जरी कारें, कर्मचारियों में खुशी की लहर



**चंडीगढ़, एजेंसी।** दीपावली पर हरियाणा के पंचकूला में एक फार्मा कंपनी ने अपने कर्मचारियों को लग्जरी कारें बांटी हैं। इससे कर्मचारियों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कंपनी के मालिक ने कहा कि बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 15 कर्मचारियों को दीपावली गिफ्ट के दौर पर टाटा पंच और ग्रैंड विटारा जैसी कारें तोहफे में दी गईं। पिछले साल भी अच्छा काम करने वाले 12 कर्मचारियों को दीपावली पर कारें बांटी गई थी। पंचकूला स्थित मिट्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड दवा कंपनी के मालिक एमके भाटिया ने कहा कि उन्होंने 15 कर्मचारियों को दिवाली के तोहफे के तौर पर कारें दी हैं। भाटिया ने कहा कि उन्होंने ने साल भर कड़ी मेहनत करने वाले 15 कर्मचारियों को चुना था। इसके बाद उन्हें गाड़ियां दी गई। 15 कर्मचारियों में से 13 को टाटा पंच कारें और दो सीनियर कर्मचारियों को ग्रैंड विटारा गाड़ियां गिफ्ट की हैं। भाटिया ने कहा कि वह अपने कर्मचारियों को अपना सुपरस्टार कहते हैं। मिट्स हेल्थकेयर की सफलता के लिए कर्मचारियों का समर्पण और योगदान महत्वपूर्ण रहा है। आज आठ कर्मचारियों को कारें दी गई हैं। दिवाली से पहले बाकी बचे सात कर्मियों को भी कार उपहार में दी जाएंगी। भाटिया ने कहा कि मेरा दिल्ली में एक छोटा-सा कार्यालय था। मैं 2015 में चंडीगढ़ आया और एक छोटा-सा ऑफिस खरीदा। अपने कर्मचारियों की मेहनत के बल पर ही आज मैं और मेरी कंपनी इस मुकाम पर पहुंची है।

### पराली जलाने वालों के खिलाफ क्यों नहीं करते कार्रवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर दिए गए पिछले आदेश का पालन नहीं करने को लेकर हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। देश की सर्वोच्च अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो वह हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि राज्य सरकार पराली जलाने के लिए लोगों पर मुकदमा चलाने और मामूली जुर्माना लगाकर लोगों को छोड़ देने से क्यों कतरा रही है। इसरो आपको बता रहा है कि आग कहां लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला।

# उद्धव ठाकरे से अजित पवार- महाराष्ट्र चुनाव कई दिग्गजों के लिए अस्तित्व की लड़ाई

**मुंबई, एजेंसी।**
चुनाव आयोग के आगामी विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के बाद महाराष्ट्र में चुनावी बिगुल बज चुका है। अब सारी निगाहें पार्टी की रणनीतियों और राज्य के दिग्गजों पर आ टिकी हैं। जानकारों की माने तो चुनाव के नतीजे कई प्रमुख दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य के लिए फैसले की घड़ी होगी। इनमें शरद पवार, उद्धव ठाकरे, एकनाथ शिंदे, अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस जैसे नेताओं के नाम भी शामिल हैं। 2019 में बनी महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) को विपक्षी एकता के लिए एक टेम्पलेट के रूप में देखा गया था। हालांकि भाजपा ने इन पार्टियों के अंदर विद्रोहियों का समर्थन करके इसका मुकाबला किया, जिसके कारण उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई। इसके बाद अजित पवार और उद्धव ठाकरे दोनों गुटों को आधिकारिक पार्टी का दर्जा खोना पड़ा। तब से दोनों नेता नए नामों और प्रतीकों के तहत अपनी पार्टियों को फिर से खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।

हाल के लोकसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे ने 9 सीटें और अजित पवार ने 8 सीटें जीती थी। इस प्रदर्शन से उनके जमीनी समर्थन का पता चला। हालांकि विधानसभा चुनाव बड़ी परीक्षा है। एक राजनीतिक अंदरूनी सूत्र ने कहा, यदि एमवीए सत्ता में आती है तो पवार और ठाकरे दोनों महाराष्ट्र की राजनीति को प्रभावित करना जारी रखेंगे और अपनी पार्टियों को आगे बढ़ा सकते हैं। इसके उलट अगर महायुति सत्ता में लौटती है तो उनके प्रतिद्वंदी जीते हुए



उम्मीदवारों को लुभाकर विरोधी गुटों को खत्म करने की कोशिश करेगी। शरद पवार पश्चिमी महाराष्ट्र में विशेष रूप से सक्रिय रहे हैं। उन्होंने बड़ी हलचल पैदा की है और सत्तारूढ़ भाजपा और एनसीपी के कई नेताओं को अपने पक्ष में कर लिया है। इधर उद्धव ठाकरे मुंबई में कई रणनीतिक बैठकें कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जिन्होंने 7 लोकसभा सीटें जीती हैं, समाज के विभिन्न वर्गों को लुभाने के लिए सोची-समझी चालें चल रहे हैं। अपने चाचा शरद पवार के गढ़ में चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अजित पवार ने एक राजनीतिक सलाहकार को नियुक्त किया है और महिला मतदाताओं को लक्षित करते हुए एक अभियान शुरू किया है।

इस बीच देवेंद्र फडणवीस के लिए यह चुनाव राज्य या राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका निर्धारित कर सकता है। नाम न बताने की शर्त पर एक भाजपा मंत्री ने कहा, अगर भाजपा सत्ता में लौटती है तो फडणवीस मुख्यमंत्री के रूप में वापसी की उम्मीद कर सकते हैं। अगर नहीं तो वह दिल्ली की राजनीति में जा सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषक प्रताप असबे समय से पहले निष्कर्ष निकालने के खिलाफ हैं। उनका मानना है, एमवीए ने अभी तक महायुति सरकार के खिलाफ एक अच्छी कहानी नहीं बनाई है। यह चुनाव सभी बड़े नेताओ के लिए अस्तित्व की लड़ाई है।

## गाजियाबाद में नौकरानी अपने पेशाब से बनाती थी कारोबारी के घर पर खाना

**गाजियाबाद , एजेंसी।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद से सामने आई इस खबर को पढ़कर आप हैरान हो जाएंगे। एक रियल एस्टेट कारोबारी के घर काम करने वाली नौकरानी परिवार को अपने पेशाब से खाना बनाकर खिलाती रही। जब इस पूरे परिवार को लीवर की बीमारी हुई तो उन्हें कुछ गड़बड़ी की आशंका हुई। उन्होंने रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इसके बाद सीसीटीवी में नौकरानी की शर्मनाक हरकत कैद हो गई। पीड़ित परिवार की शिकायत पर गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी नौकरानी गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि नौकरानी कई सालों से ऐसा कर रही थी।

क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की एक सोसाइटी में रियल एस्टेट कारोबारी परिवार के साथ रहते हैं। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कारोबारी की पत्नी ने बताया कि उनके घर में शांतिनगर निवासी रीना बतौर नौकरानी करीब 8 साल से काम करती थी। घर में चौका-बर्तन के अलावा परिवार का खाना भी वही बनाती थी। कारोबारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से परिवार के लोग लीवर की बीमारी से ग्रसित होने लगे।

शुरू में तो उन्होंने कोई संक्रमण समझकर डॉक्टर को भी दिखाया, लेकिन स्थायी तौर पर राहत नहीं मिली। एक-एक के कर पूरा परिवार लीवर की बीमारी से ग्रसित होने लगा तो उन्हें शक हुआ और रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। इसमें पूरे मामले का पता चल गया। रियल एस्टेट कारोबारी का कहना है कि उनका परिवार नौकरानी रीना पर आंख मूंदकर भरोसा करता था। वह उसे परिवार के सदस्य के रूप में मानते थे। हर सुख-दुख में वह उसके साथ खड़े रहते थे। पहले कई बार घर से नकदी और सामान भी चोरी हुआ, लेकिन उन्होंने उस पर कभी शक नहीं किया। सोमवार को उन्होंने सीसीटीवी कैमरे में रीना की करतूत देखी तो 8 साल का भरोसा पल भर में चकनाचूर हो गया। कारोबारी का कहना है उसकी इस हरकत से उनका पूरा परिवार सदमे में है।

## गुरुग्राम में एक ही दिन कई जगह गरजा बुलडोजर, कहीं भी चल सकने की चेतावनी



**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने पुराने गुरुग्राम के दो मुख्य चौराहों पर मंगलवार को बुलडोजर चलाया। महाराजा अग्रसेन चौक और महावीर चौक के आसपास करीब 200 दुकानों के बाहर 20 से 30 फीट तक अतिक्रमण था, जिसे भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया गया। अभियान के दौरान किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया।

अतिक्रमण हटाने के बाद हुई गंदगी को डीटीपीई ने दुकानदारों से झाड़ू लगवाकर साफ करवाया। इसके अलावा 15 रेहड़ियों को तोड़ा गया। अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि यह अभियान जारी रहेगा। यदि दोबारा अतिक्रमण मिलता है तो एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। ओल्ड गुरुग्राम से आ रही दो मुख्य सड़क ओल्ड रेलवे रोड और न्यू रेलवे रोड, महाराजा अग्रसेन चौक और महावीर चौक से जुड़ी हुई हैं। शहर के अंदर जाने या बाहर निकलने के दौरान इन दोनों चौराहों के आसपास भारी अतिक्रमण में वाहन चालकों को फंसना पड़ता है। ए.श्रीनिवास के आदेश पर डीटीपीई आरएस बाठ ने इन दोनों चौराहों को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमणमुक्त करवा दिया। डीटीपीई आरएस बाठ ने बताया कि शहर की सभी सड़कों को अतिक्रमणमुक्त किया जाएगा। कभी भी किसी भी सड़क पर बुलडोजर चल सकता है। अतिक्रमणकारी स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें। नहीं हटाने पर उनके सामान का नुकसान होगा। गुरुग्राम में नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्रवाई हो रही है। मंगलवार को बस स्टैंड क्षेत्र में जीएमडीए व एमसीजी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाया। मंगलवार को डीटीपी आरएस बाठ के नेतृत्व में जीएमडीए व निगम टीमें जेसीबी व पुलिस बल लेकर बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंची। यहां पर सड़कों के किनारे व फुटपाथ क्षेत्र में अवैध रूप से रेहड़ी-पटरी, टीनशेडनुमा स्ट्रक्चरों सहित अन्य प्रकार के अवैध ढांचों के माध्यम से किए गए अतिक्रमण पर पीले पंजे से हटाया।

## इंस्टाग्राम पर कॉल उठाते ही चलने लगा अश्लील वीडियो

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में शख्स को साइबर क्राइम का शिकार बनाया गया है। महिला ने उसे अश्लील वीडियो कॉल किया फिर एक लाख रुपए से ज्यादा की रकम ऐंठ ली। घटना 30 सितंबर की है। शख्स को इंस्टाग्राम पर एक कॉल आया। शख्स ने कॉल उठाया तो उस पर अश्लील वीडियो चलने लगा। वीडियो करीब 10-15 सेकेंड तक चला। इसके बाद ब्लेकमेलिंग का खेल शुरू हो गया। पीड़ित को पता ही नहीं आरोपियों ने कॉल की रिकॉर्डिंग कर ली और फिर उसे ब्लैकमेल करने लगे।

गुरुग्राम के रहने वाले हरीश माधवानी ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर को उन्हें इंस्टाग्राम पर एक वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने एक अश्लील वीडियो दिखाया और कॉल रिकॉर्ड कर ली जो 10-15 सेकंड तक चली। माधवानी ने कहा, उसकी कॉल रिकॉर्ड करने के तुरंत बाद वे पैसों की डिमांड करने लगे।

## महाराष्ट्र में जातियों को साधने में जुटी भाजपा, कई दिग्गज नेताओं को उतारा

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। भाजपा के लिए यहां सत्ता बचाने की चुनैती है। इसके लिए भगवा पार्टी हर मोर्चे पर काम कर रही है। हाल के दिनों में चुनावी राज्य में कई विकास के काम का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही भाजपा महाराष्ट्र में जातियों को साधने की कोशिश भी कर रही है। ओबीसी के साथ-साथ दलितों को अपने पाले में करने के लिए अपने तमाम नेताओं को झोंक रखा है।

महाराष्ट्र के बीड जिले में दशहरा रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता पंकजा मुंडे ने कहा, पिछड़ों ने मुझे वह बनाया है जो मैं हूं और मैं गोपीनाथ मुंडे की बेटी हूं। उन्होंने पिछड़ों से अपनी ताकत दिखाने का आह्वान भी किया। ठीक उसी समय पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू महाराष्ट्र में बौद्ध दलित समुदाय के नेताओं के साथ



बैठकें कर रहे थे। ये बैठकें महाराष्ट्र में पिछड़ों और दलितों के बीच अपनी स्थिति को मजबूत करने और बढ़ाने के लिए भाजपा की चाल को दर्शाती हैं।

पंकजा मुंडे ने बीड में एक दशक से अधिक समय के बाद अपने चचेरे भाई धनंजय मुंडे के साथ मंच साझा किया है। पंकजा को मराठवाड़ा में भाजपा के ओबीसी चेहरे के रूप में देखा जाता है। पार्टी ने रिजिजू को बौद्ध दलितों, खासकर विदर्भ क्षेत्र में पैठ बनाने के लिए तैनात किया है। महाराष्ट्र में कुल एससी मतदाताओं में दलित बौद्धों की संख्या 50प्रतिशत से अधिक है। यह वर्ग आमतौर पर कांग्रेस या प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन आघाड़ी के साथ रहा है। अब तक रिजिजू ने सौ से ज्यादा बैठकें की हैं और महाराष्ट्र में समुदाय के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की है।

## अमेरिका का दुश्मनों से ज्यादा सहयोगियों ने फायदा उठाया, चुनाव से पहले यूरोपीय संघ पर ट्रंप ने कसा तंज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में अगले महीने राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। इस चुनाव को लेकर रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस के बीच कांटे की टक्कर है। इस बीच ट्रंप ने ट्रंप ने अमेरिका के सहयोगी देशों को लेकर एक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अमेरिका के दुश्मनों से ज्यादा उसके सहयोगियों ने इसका फायदा उठाया है। सहयोगी से उनका मतलब यूरोपीय संघ से है।

ट्रंप ने कहा, हमारे दुश्मनों से ज्यादा सहयोगियों ने हमारा फायदा उठाया। हमारे सहयोगी यूरोपीय संघ है। यूरोपीय संघ के साथ हमारा व्यापार घाटा 300 अरब अमेरिकी डॉलर का है। उन्होंने आगे कहा, हमारे बीच व्यापार सौदे इतने खराब थे कि मैंने पूछा कि वे कौन हैं, जो ऐसा कर रहे हैं। या तो वे बहुत मूर्ख है या फिर उन्हें इसके लिए भुगतान मिल रहा है। ट्रंप ने कहा, मैंने चीन पर 27.5 प्रतिशत का टैरिफ लगाया। अगर ऐसा नहीं करता तो हम चीनी कारों से भर जाते। हमारी सभी फैक्टरियां बंद हो जाती। ऑटो इंडस्ट्री में हमारे पास नौकरी नहीं होती। यह बिजली पर निर्भर करती है, जैसा कि मैंने समझाया। मैंने दक्षिण कोरिया पर टैरिफ लगाया, क्योंकि वे ट्रक से इसे भेज रहे थे। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ने आगे कहा, क्या आप जानते हैं कि हमारी कार कंपनियां छोटे ट्रक और एसयूवी से पैसा कमाती है। अगर मैंने टैरिफ हटा दिए तो आप परेशान हो जाएंगे। प्रत्येक कार कंपनी व्यवसाय से बाहर हो जाएगी। रूस को लेकर सवाल किए जाने पर डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लेकर अपने संबंधों का बचाव किया। टैरिफ पर उन्होंने कहा कि भारत एक मजबूत देश है। ट्रंप ने कहा, भारत एक मजबूत देश है। यह केवल चीन नहीं है। मैं कहना चाहूंगा कि चीन बहुत मजबूत देश है। क्या आपको मालूम है कि सबसे कठिन क्या है? यूरोपीय संघ, हमारे खूबसूरत और अद्भुत यूरोपीय देश। अगर आप इन्हें एकसाथ कर लें तो यह बिलकुल हमारे आकार के हैं। वे हमारे साथ बहुत बुरा व्यवहार करते हैं। ट्रंप ने कहा, हम कंपनियों को वापस लाएंगे।

## चीन लगातार ताइवान के आसपास कर रहा सैन्य अभ्यास, बोला- हमारी कार्रवाई नहीं रूकेगी

**बीजिंग/ताइपेई , एजेंसी।** चीन ने सोमवार को ताइवान के आसपास एक बार फिर सैन्य अभ्यास शुरू किया। उसके विमानों और जहाजों ने स्व-शासित द्वीप को घेर लिया है। ये अभ्यास चीन के चल रहे शक्ति प्रदर्शन का हिस्सा हैं। साथ ही पिछले दो सालों में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियानों के चौथे दौर का प्रतीक है।

चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने बुधवार को कहा कि चीन ताइवान पर बल प्रयोग बंद करने का वादा नहीं करेगा। लेकिन इसका उद्देश्य बाहरी हस्तक्षेप और कुछ अलगाववादियों को बढ़ावा देना है। चीन, जो लोकतांत्रिक रूप से शासित ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है, ने सोमवार को द्वीप के चारों ओर बड़े पैमाने पर अभ्यास किया। उसने कहा कि यह ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते द्वारा पिछले सप्ताह राष्ट्रीय दिवस पर दिए गए भाषण के बाद ÷अलगाववादी कृत्यों÷ के प्रति चेतावनी है।

चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता चेन बिन्हुआ ने बीजिंग में एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हम पूरी ईमानदारी और प्रयास के साथ शांतिपूर्ण पुनर्मिलन की संभावना के लिए प्रयास करने को तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा, लेकिन हम बल प्रयोग को रोकने के लिए कभी भी प्रतिबद्ध नहीं होंगे।

चेन ने कहा कि हालांकि, इसका उद्देश्य ÷बाहरी ताकतों÷ का हस्तक्षेप है। उनका इशारा संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों तथा ताइवान के बहुत कम संख्या में अलगाववादियों की ओर है, न कि ताइवान के अधिकांश लोगों की ओर।

राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हमारी कार्रवाई एक पल के लिए भी नहीं रुकेगी। ताइवान की सरकार ने बीजिंग के संप्रभुता के दावों को खारिज करते हुए कहा कि केवल द्वीप के लोग ही अपना भविष्य तय कर सकते हैं। बुधवार को ताइपे में पत्रकारों से बात करते हुए, ताइवान के राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक त्साई मिंग-येन ने कहा कि चीन के अभ्यासों ने अंतरराष्ट्रीय निंदा को जन्म दिया है, खासकर वाशिंगटन से।

## यूक्रेनी सेना में भर्ती के लिए छापेमारी, बार, रेस्टोरेंट से लेकर शादी समारोह तक में रेड

### सेना में रजिस्टर न करने वाले युवकों की गिरफ्तारी

**कीव, एजेंसी।** सैनिकों की कमी से जूझ रही यूक्रेनी सेना अब शादी समारोह, नाइट क्लब, बार, रेस्टोरेंट और कॉन्सर्ट हॉल जैसी जगहों पर छापे मार रही है। दरअसल, यूक्रेन ने जंग की शुरुआत के बाद से ही पुरुषों के लिए सेना में शामिल होना अनिवार्य कर दिया था। इसके लिए इस साल अप्रैल में युवाओं से पंजीयन कराने के लिए कहा गया था। इस आदेश के बाद से यूक्रेन के युवा सेना में शामिल होने से बचने की कोशिशों में लगे हुए हैं। यूक्रेन फरवरी 2022 से रूस के साथ जंग लड़ रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस जंग में यूक्रेन करीब 80 हजार सैनिकों की मौत हो



चुकी है। इस वजह से सैनिकों की कमी हो गई, जिसके चलते यूक्रेन नए सैनिकों की भर्ती कर रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का कहना है कि सेना में कम से कम 5 लाख युवाओं की भर्ती करने की जरूरत है।

राजधानी कीव में सेना के लिए पंजीयन नहीं कराने वाले युवाओं की पहचान के लिए सेना के छापे आम हो गए है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सेना का ये अभियान मुख्य रूप से युवाओं के सैन्य पंजीकरण दस्तावेजों की जांच और नियमों का उल्लंघन करने वालों को गिरफ्तार करने के लिए है।

यूक्रेन के मिलिट्री लॉ के एक वकील कास्यानचुक सर्गी का कहना है कि सेना अब शादी समारोहों में भी जाकर छापे मार रही है। सर्गी ने ऐसी एक कार्रवाई का विडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। यूक्रेन में अप्रैल से लागू हुए नए नियमों के अनुसार, 25 से 60 वर्ष की आयु के सभी पुरुषों के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। साथ ही, 18 से 60 वर्ष की उम्र के किसी भी पुरुष को देश छोड़ने की अनुमति नहीं है। इसके अलावा सेना में भर्ती के लिए पात्र सभी लोगों को अपनी जानकारी भी ऑनलाइन दर्ज करनी होगी। ऐसा न करने पर उन्हें कड़ी सजा का सामना करना पड़ सकता है। इन नियमों में सेना भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा को भी घटाकर 27 से 25 वर्ष कर दिया गया है। ऐसे में कई युवक सेना में जाने से बचने के लिए ऑनलाइन जानकारी दर्ज नहीं कर रहे हैं। इसके बाद सेना ने उन युवाओं का गिरफ्तारी अभियान शुरू किया है जिन्होंने सेना की अनिवार्य सेवा के लिए अभी तक रजिस्टर नहीं किया है।

## एयर इंडिया के कई विमानों में बम होने की धमकी मिलने पर अमेरिका ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

**वाशिंगटन , एजेंसी।** शिकागो और न्यूयॉर्क जाने वाली उड़ानों समेत एअर इंडिया के कई विमानों में बम होने की धमकी मिलने पर अमेरिका ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए मंगलवार को कहा कि वाणिज्यिक विमानन के खिलाफ किसी भी तरह की धमकी अनुचित है। नयी दिल्ली-शिकागो उड़ान को आपातकालीन स्थिति में कनाडा के इकालुइट हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा और बम की धमकी के कारण ही मुंबई-न्यूयॉर्क उड़ान का मार्ग परिवर्तित करते हुए उसे नयी दिल्ली में उतारा गया था, जबकि सिंगापुर की ओर जाने वाले विमान की सुरक्षा के लिए लड़ाकू विमानों को तैनात किया गया। पिछले कुछ महीनों से अमेरिकी और कनाडाई नागरिकों के एक समूह, मुख्य रूप से अलगाववादी सिख समूहों से एअर इंडिया के विमानों को बम से उड़ाने की खुलेआम धमकी मिल रही है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129